नई दिल्ली
शनिवार 14 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 207
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



किसी भी देश या सरकार के संप्रभु अधिकार क्षेत्र के दायरे में आते वीजा के सभी मामले: जायसवाल

कांग्रेस के भारत समिट के लिए वीजा रद्द करने पर बढ़े विवाद पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी द्वारा हैदराबाद में आयोजित किए जा रहे भारत समिट को लेकर रद्द किए गए विदेशी वक्ताओं और मेहमानों के वीजा के मामले को लेकर बढ़ते राजनीतिक विवाद की गूंज शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय में भी सुनाई दी। मीडिया ब्रीफिंग में इसे लेकर जब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया। तो जवाब में उन्होंने साफ शब्दों के साथ यह स्पष्ट किया कि वीजा से जुड़े हुए सभी मामले किसी भी देश या सरकार के संप्रभु अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यहां ये जानना भी जरूरी है कि इस मसले पर मुख्य विपक्षी दल के कई नेताओं ने अंतिम समय में विदेशी मेहमानों के वीजा रद्द करने की इस कार्रवाई को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाया है कि विदेश मंत्रालय की मंजूरी के बाद गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह सब कुछ किया गया है। जिसके जरिए केंद्र की मंशा और कुछ नहीं बल्कि लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने और कांग्रेस पार्टी के इस वैश्विक स्तर के आयोजन में बाधा पहुंचाने की नजर आती है।

- पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी नहीं जाएंगे पाकिस्तान, मंत्रालय ने वीजा देने से किया इंकार
- ये जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी है



नॉर्वे की पत्रकार के मामले ने पकड़ा तूल

भारत समिट को लेकर वीजा रद्द किए जाने के मामले की चर्चा देश में उस वक्त सबसे ज्यादा शुरू हुई। जब नॉर्वे की एक महिला पत्रकार हेले लिंग ने भारत की सरकार पर सोशल मीडिया में साझा किए गए एक वीडियो संदेश के जरिए ये आरोप लगाया कि पहले उन्हें इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की तरफ से वीजा दिया गया था। लेकिन बाद में जब वो अपनी यात्रा की शुरुआत करने लगीं, तो उससे ठीक 15 से 20 मिनट पहले उनका वीजा रद्द कर दिया गया। इस संबंध में उन्हें नॉर्वे में मौजूद भारत के राजनयिक परिसर द्वारा टेलीफोन पर सूचित किया गया। यहां बता दें कि हेले वही पत्रकार हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ▶▶ शेष पेज 5 पर

यूं नहीं होगी मान की पाकिस्तान यात्रा

रणधीर ने ब्रीफिंग में उक्त मामले से मिलते-जुलते एक अन्य प्रश्न के जवाब में अप्रत्यक्ष रूप से बताया कि आखिरकार मंत्रालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को इसी महीने 27 नवंबर को लाहौर में होने वाले विश्व पंजाबी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए पाकिस्तान यात्रा का वीजा क्यों नहीं दिया है? उन्होंने कहा कि पिछले साल 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (लश्कर-ए-तैयबा का छद्म रूप) द्वारा किए गए हमले के बाद से पड़ोसी दुश्मन देश को लेकर बनी हुई नई दिल्ली की राष्ट्रीय नीति में अभी तक किसी प्रकार का कोई बदलाव न आना है। इस बात को सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि राष्ट्रीय नीति को लेकर हमारा क्या रुख है या इस बाबत आज हम कहां पर खड़े हैं? बताते चलें कि पाकिस्तान को लेकर बनी हुई राष्ट्रीय नीति यही है कि जब तक उसकी तरफ से भारत के खिलाफ सीमापार आतंकवाद जारी रहेगा। तब तक किसी प्रकार की कोई बातचीत नहीं की जाएगी। जबकि आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली शून्य सहिष्णुता के मार्ग पर चल रही है। इससे वर्तमान या भविष्य में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

टिप की वसूली: ओला पर 10 लाख जुर्माना

नई दिल्ली। कैब बुकिंग ऐप ओला पर यात्रियों से अतिरिक्त पैसे मांगने के मामले में 10 लाख



रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ओला का संचालन करने वाली कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज को यह जुर्माना लगाया है। साथ ही इसे बंद करने का आदेश दिया है।

बैंडेज के एवज में टीटीई ने मांगे 200 रुपए

नई दिल्ली। शताब्दी एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला की अंगुली कटने पर उसे प्राथमिक



उपचार के लिए बैंडेज तक नहीं मिल सका। यात्री की शिकायत के बाद रेलवे स्टाफ ने अगले स्टेशन पर डॉक्टर से जांच कराने की बात कही और इसके लिए 200 रुपए देने को कहा। अवधेश कौशल नाम के यात्री ने यह बात बताई।

मौसमी चटर्जी के पति जयंत मुखर्जी का निधन

मुंबई। बॉलीवुड की अभिनेत्री मौसमी चटर्जी के पति और फिल्म निर्माता जयंत मुखर्जी का निधन



हो गया। वह लंबे समय से उम्र संबंधी परेशानियों के चलते अस्वस्थ थे। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने उनके निधन की पुष्टि की है। जयंत ने 'मजाक', 'दो लड़के दोनों कड़के' जैसी फिल्मों का निर्माण किया था।

मैसूरु में देश के पहले एलईडी तारामंडल 'कॉसमॉस-मैसूरु' का लोकार्पण, बोले- भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता की परंपराएं हमेशा साथ-साथ आगे बढ़ी हैं

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी से युवाओं के लिए खुलेंगे नए अवसर : पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलकर युवाओं और नवउद्यमियों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। आज देश के युवा उद्यमी अपने रॉकेट तैयार कर रहे हैं, उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर रहे हैं और ऐसे नए प्रयोग कर रहे हैं, जो इससे पहले भारत में कभी नहीं किए गए थे। इससे भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को कर्नाटक के मैसूरु में चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में स्थित जयचामराजा वाडियार सेंटर फॉर हायर लर्निंग में देश को 'कॉसमॉस-मैसूरु' समर्पित करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह भारत का पहला एलईडी तारामंडल और दुनिया का पहला झुके हुए गुंबद वाला एलईडी तारामंडल बताया गया है। इस अत्याधुनिक सुविधा के माध्यम से दर्शकों को अंतरिक्ष, ग्रहों, तारों और खगोलीय घटनाओं का अधिक जीवंत एवं आधुनिक दृश्य अनुभव प्राप्त होगा।

विज्ञान और आध्यात्मिकता भारत की साझा विरासत: प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता की परंपराएं हमेशा एक साथ विकसित हुई हैं। आध्यात्मिकता हमें अपने भीतर झांकने की प्रेरणा देती है, जबकि ब्रह्मांड का अध्ययन हमें आकाश और उससे परे फैले अनंत संसार को समझने के लिए प्रेरित ▶▶ शेष पेज 5 पर



समाज के कल्याण के लिए काम कर रहा है भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल अंतरिक्ष में नई उपलब्धियां हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और समाज के कल्याण में योगदान देना भी है। उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मछुआरों की सुरक्षा के लिए विशेष उपग्रह आधारित प्रणाली विकसित की है। इसके माध्यम से समुद्र में मछली पकड़ने जाने वाले मछुआरों को सुरक्षित दिशा-निर्देश और नौवहन संबंधी सहायता मिलती है। इससे उन्हें समुद्र में रास्ता खोजने और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने में मदद मिलती है। इसी प्रकार उपग्रह आधारित तकनीक का इस्तेमाल प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत बनाने में भी किया जा रहा है। इससे संभावित आपदाओं की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराने, राहत ▶▶ शेष पेज 5 पर



क्या है कॉसमॉस-मैसूरु की खासियत?

कॉसमॉस-मैसूरु का निर्माण भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान ने किया है। इसे खगोल विज्ञान की शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के एक आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह मैसूरु विश्वविद्यालय के जयचामराजेंद्र परिसर में स्थित है। इस तारामंडल ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम ने खुद खरीदा मेट्रो का टिकट, सीएम शिवकुमार के साथ किया सफर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे। यहां उन्होंने 3,470 करोड़ रुपए की लागत से तैयार बेंगलुरु मेट्रो की पिंक

- बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

लाइन के कलेना अग्रहारा से तावरेकेरे तक के हिस्से का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ मेट्रो में सफर किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो का टिकट भी खरीदा। कार्यक्रम में कर्नाटक की राज्यपाल सुधा यादव, सांसद तेजस्वी सूर्या और मंत्री केबी गौड़ा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित चार रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया।

सूर्य उपासना से जुड़े महापर्व की शुरुआत

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ 4 दिन तक चलेगा, पर्व का खरना संध्या अर्घ्य के साथ होगा समापन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

शुक्रवार से छठ पर्व की शुरुआत हो गई है। इसका धार्मिक महत्व सूर्य उपासना और संतान के कल्याण से जुड़ा है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को इस पर्व का मुख्य अनुष्ठान किया जाता है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश से जुड़ी यह परंपरा अब देश के दूसरे हिस्सों तक पहुंच चुकी है। 4 दिन तक चलने वाले इस पर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य की परंपरा निभाई जाती है। मान्यता है कि सूर्य -छठी मैया की आराधना से संतान को आरोग्य, लंबी उम्र और जीवन में सफलता का आशीर्वाद मिलता है।

सात्विक भोजन की परंपरा: व्रत रखने वाली महिलाएं सुबह स्नान करने के बाद घर की साफ-सफाई करती हैं और सात्विक भोजन पकाया जाता है। इस दिन महिलाएं भोजन में मुख्य रूप से चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाती है। छठ पूजा के पारंपरिक नियमों का पालन करते हुए यह खाना सात्विक, शुद्ध और सिंपल तरीके से बनाया जाता है। इस दौरान घर में प्याज-लहसुन खाने की मनाही होती है।

छठ पूजा का महत्व

कार्तिक महीने में सूर्य की विशेष पूजा करने से आरोग्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन व्रती भोजन करने के बाद छठ पूजा के कठिन नियमों का पालन करते हैं।नहाय-खाय के अगले दिन खरना होता है, पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।

प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और तेजी से हो रहे विकास की मिलेगी झलक

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: विकास और विरासत के रंग में रंगा हरियाणा पवेलियन

- *14 से 27 नवंबर तक चलेगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-2026 में हरियाणा पवेलियन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। विकास और विरासत के थीम पर सजाए गए हरियाणा पवेलियन में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। पवेलियन में हरियाणा की



संस्कृति के साथ-साथ प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास की झलक देखने को मिलेगी। पवेलियन के भीतर एक विशाल खुले आंगन के चारों ओर प्रदर्शनी क्षेत्र विकसित किया गया है। पवेलियन ▶▶ शेष पेज 5 पर

एआई और एआर सेल्फी बूथ, इंटरैक्टिव क्विज से जुड़ रहे आगंतुक

ट्रेड फेयर अथारिटी आफ हरियाणा के सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि तकनीक को पवेलियन की प्रस्तुति का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। डिजिटल स्क्रोलर और एलईडी दीवारों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की उपलब्धियों और प्रगति को दर्शाया जा रहा है। कायनेटिक इन्फॉर्मेशन वॉल हरियाणा की विकास गाथा को गतिशील दृश्य रूप में प्रस्तुत करती है। आगंतुकों के लिए एआई आधारित सेल्फी बूथ और एआर आधारित सेल्फी बूथ भी लगाए गए हैं, जहां ▶▶ शेष पेज 5 पर

आउटलुक और टीम्स बंद होने से दुनिया में कामकाज रुका, इंडिगो की ईमेल सेवा बाधित

74 देशों में 16 घंटे तक ठप रहीं माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं, इससे 40 लाख कारोबार प्रभावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट की तकनीकी खराबी ने भारत समेत दुनिया के 74 देशों में करोड़ों यूजर्स और कारोबारियों को परेशान किया। कंपनी की माइक्रोसॉफ्ट 365, आउटलुक और टीम्स जैसी सेवाएं करीब 16 घंटे तक प्रभावित रहीं। भारतीय समयानुसार गुरुवार-शुक्रवार रात करीब 12:38 बजे शुरू हुई इस समस्या का असर अमेरिका, भारत और हांगकांग सहित कई देशों में देखने को मिला। आउटेज पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर करीब एक लाख शिकायतें दर्ज की गईं। इस तकनीकी गड़बड़ी से दुनिया के करीब 40 लाख ▶▶ शेष पेज 4 पर



- *इस वैश्विक आउटेज से हर घंटे करीब एक लाख अमेरिकी डॉलर का नुकसान*

ट्रैवलर में 40 लोग बैठे थे मृतकों में बच्चे भी

असम में भीषण सड़क हादसा

बेकाबू ट्रक ने ट्रैवलर को मारी टक्कर, 23 लोगों की मौत हुई

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के काजीरंगा के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा गोलाघाट जिले के रोंगाजन इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर हाथीकुली टी एस्टेट के पास हुआ। यहां करीब 40 यात्रियों को लेकर जा रही ट्रैवलर की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रैवलर ऊपरी असम के जोरहाट से गुवाहाटी जा रही थी। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहत और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर वाहन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।



हादसे के बाद का दृश्य

घायलों को पहले कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया। बाद में गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हादसे पर गहरा दुख ▶▶ शेष पेज 5 पर

सेना के पैरालंपिक नोड, पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2024 भी दिए गए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025, 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025 प्रदान किए। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलों के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2024 भी प्रदान किए। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रत्येक वर्ष खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियों, प्रतिभा, समर्पण और खेलों के विकास में योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से दिए जाते हैं। इस वर्ष कुल 17 खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार

राष्ट्रपति मुर्मू ने 84 वर्षीय अरुमैनायगम को अर्जुन पुरस्कार 2025 प्रदान किया

अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हॉकी और शतरंज के सितारे

अर्जुन पुरस्कार-2025 के लिए चयनित 17 खिलाड़ियों में एथलेटिक्स से तेजस्विन शंकर, मोहम्मद अजमल वी और प्रियंका गोस्वामी शामिल हैं। बैडमिंटन से ट्रीसा जॉली और पीवीएल गायत्री गोपीचंद, मुक्केबाजी से नरेंद्र, शतरंज से विदित संतोष गुजराथी और दिव्या जितेंद्र देशमुख को यह सम्मान दिया गया। इसके अलावा डेफ शूटिंग से धनुष श्रीकांत, हॉकी से लालरेमसियामी और राजकुमार पाल, कबड्डी से सुरजीत ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिग्गज फुटबॉलर इसायाह अरुमाइनायगम को लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार: भारतीय फुटबॉल के अनुभवी खिलाड़ी आई. अरुमाइनायगम को खेलों में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने खेल प्रदर्शन के साथ सक्रिय खेल जीवन से संन्यास लेने के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

रिक्शा चुराने के मकसद से दिया था वारदात को अंजाम

ई-रिक्शा चालक को नशे का ओवरडोज देकर मारने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मंगोलपुरी इलाके में ई-रिक्शा चुराने के लिए चालक को नशीला पदार्थ मिला हुआ शीतलपेय पिलाकर मारने के मामले में दो भाइयों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर चोरी के 10 ई-रिक्शा बरामद किए गये। आरोपियों के नाम जाकिर उर्फ सुल्तान (30), भाई आसिफ (26) और चेचरा भाई यूसुफ उर्फ भूरे (39) बताये गये हैं।

डीसीपी विक्रम सिंह के मुताबिक जाकिर और आसिफ पर ई-रिक्शा चालकों को नशीला पदार्थ देकर उनके वाहन चोरी करने का आरोप है, जबकि यूसुफ चोरी के वाहनों को अपने पास रखने और उन्हें किराये पर चलवाने में मदद करता था। 27 अक्टूबर को मंगोलपुरी के बापू पार्क के पास एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। बाद में उसकी पहचान आकाश के रूप में हुई, जो मंगोलपुरी का रहने वाला था और ई-रिक्शा चलाता था। जांच में पता चला कि आकाश 26 अक्टूबर को रिक्शा चलाने के लिए घर से निकला था और शाम करीब पांच बजे उसका मोबाइल फोन बंद हो गया था। पोस्टमार्टम के बाद इस संबंध में मंगोलपुरी थाने में गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और आकाश की आवाजाही के रास्तों का विश्लेषण किया गया। तकनीकी जांच के आधार पर जाकिर की पहचान कर उसे जाफराबाद से पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने भाई आसिफ के साथ मिलकर ई-रिक्शा चालकों को नशीला पदार्थ मिला शीतलपेय पिलाकर उनके वाहन और अन्य सामान चोरी करने की बात स्वीकारी। आरोपियों के पास से आकाश के ई-रिक्शा के अलावा नौ अन्य ई-रिक्शा भी बरामद किए गए। इसके अलावा उनके पास से 47 औजार जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, चोरी के बाद आरोपी ई-रिक्शा की नंबर प्लेट बदलकर उन्हें किराये पर चलाते थे।

मुठभेड़ के बाद वांछित गैंगस्टर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के पटेल नगर इलाके में शादीपुर फ्लाईओवर के पास मुठभेड़ के बाद एक वांछित गैंगस्टर को गिरफ्तार किया गया है। बृहस्पतिवार देर रात हुई इस मुठभेड़ में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया। बदमाश के पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान प्रकाश उर्फ आकाश उर्फ चिनू (30) है जो नबी करीम थाने का घोषित बदमाश है और सितंबर में दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के सदस्यों के बीच एक शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक झड़प के मामले में वांछित था। पुलिस को बृहस्पतिवार को इसके बारे में सूचना मिली थी कि आरोपी शादीपुर फ्लाईओवर के पास अपने एक साथी से मिलने आने वाला है। इसके बाद पुलिस ने वहां घेराबंदी की। देर रात करीब पौने एक बजे पैदल आ रहे एक व्यक्ति की पहचान मुखबिर ने प्रकाश के रूप में की। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर गोली चलाई। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की और बदमाश के दाहिने पैर में गोली मार उसे काबू कर लिया। इसके बाद पीसीआर की गाड़ी से उसे अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में आरोपी ने 13 सितंबर को हुई हिंसक झड़प में संलिप्त होने की बात स्वीकार की। 13 सितंबर को नायक समाज की शोभायात्रा सदर बाजार और नबी करीम इलाके से निकाली गई थी। शोभायात्रा के झंडेवालान रोड पहुंचने पर सदर बाजार इलाके के विकास कालिया गिरोह और नबी करीम इलाके के प्रकाश उर्फ चिनू गिरोह के सदस्यों के बीच विवाद हो गया था। देखते ही देखते यह विवाद पथराव, मारपीट और गोलीबारी तक पहुंच गया। इस दौरान प्रकाश उर्फ चिनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रतिद्वंद्वी गिरोह के एक सदस्य से जुड़ी महिला के साथ मारपीट भी की थी। इस घटना के संबंध में नबी करीम और सदर बाजार थानों में दो केस दर्ज किये गये थे। आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और शस्त्र अधिनियम समेत 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 28 सितंबर को स्पेशल स्टाफ टीम ने विकास कालिया गिरोह के दो सदस्यों मुकेश और आकाश उर्फ मट्ठी को पहाड़गंज में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था।

खबर संक्षेप

शख्स की धारदार हथियार से वार कर हत्या

नई दिल्ली। यमुनापार के नंद नगरी इलाके में एक युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उम्र 35 वर्ष के आसपास बताई गई है। पुलिस ने शव को पहचान के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात 12:30 बजे सूचना मिली कि गगन पार्क में छतरी के नीचे एक युवक का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल जीटीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्राइम व फॉरेंसिक टीमों ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। मृतक की पहचान स्थापित करने के प्रयास में पुलिस जुटी है। इसके लिये आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

कार ट्रक में घुसी, कार चालक की जलकर मौत

नई दिल्ली। द्वारका एक्सप्रेसवे पर छावला थाना अंतर्गत गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से जा घुसी। पलभर में कार आग का गोला बन गई और चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान श्याम विहार निवासी नीरज गोहर (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हादसा छावला इलाके में हुआ। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें आग लग गई। कार चला रहे नीरज गोहर आग की लपटों में फंस गए और उनकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। नीरज छावला में ट्रैवल कंसल्टेंट का काम करते थे। हादसा रात करीब 9:15 बजे हुआ। दुर्घटना में किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

रक्षा उद्यमी से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी

नई दिल्ली। एक रक्षा उद्यमी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। कॉल करने वालों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। उद्यमी ने पुलिस से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। पुलिस के अनुसार विजयन त्रिशूल डिफेंस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक साहिल लूथरा ने गुरुवार को चाणक्यपुरी थाने में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया कि उन्हें बुधवार रात करीब आठ बजे धमकी मिली। उन्होंने इस धमकी के पीछे कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा का हाथ होने का आरोप लगाया है। लूथरा ने पुलिस से तत्काल सुरक्षा मुहैया कराने के साथ ही हालिया धमकी के मामले की विस्तृत जांच करने का अनुरोध किया है। शिकायत में पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को चाणक्यपुरी थाने में दर्ज एक मामले का भी उल्लेख किया है। लूथरा ने आरोप लगाया कि उन्हें 2024 से लगातार धमकियां मिल रही हैं और उनसे जबरन धन वसूलने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आरोपों और तथ्यों की पुष्टि करने में जुटी है।

भाजपा के दावे झूठे

एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर पर लगी एंटी स्मॉक गन ही पडी है बंदः नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली सहित पूरा एनसीआर वायु प्रदूषण की गिरफ्त में फंसा हुआ है। जिसको लेकर केंद्र से लेकर दिल्ली सरकार व एमसीडी तथा अन्य निकाय कई कदम उठाने के दावे कर रहे है। लेकिन एमसीडी खुद कितनी सजग है इसकी पोल निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने खोल दी है। नारंग ने एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर की 28 वीं मंजिल पर लगी एंटी स्मॉग गन का निरीक्षण किया जो बंद मिली। इस बारे में नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि प्रदूषण अपने चरम पर पहुंचने के बावजूद नगर निगम अपने मुख्यालय पर लगी एंटी स्मॉग गन ही चालू नहीं कर पा रहा है। उन्होंने एमसीडी व दिल्ली सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। दिल्ली का एक्यूआई 546 दर्ज हुआ, लेकिन एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर की 28वीं मंजिल पर एंटी-स्मॉग गन लगी है, वह खुद ही बंद पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ रेखा गुप्ता सरकार और भाजपा शासित नगर निकाय प्रदूषण से निपटने के बड़े-बड़े दावे कर रही हैं और दूसरी तरफ उनकी अपनी इमारत में लगी एंटी-स्मॉग गन काम नहीं कर रही है। नारंग ने कहा कि आखिर दिल्ली की जनता को कब तक झूठे दावों के सहारे रखा जाएगा। साथ ही बंद पड़ी अन्य एंटी-स्मॉग गनों को तुरंत चालू करना चाहिए। दिल्ली वालों को भाजपा सरकार के झूठे दावों के भाषण नहीं, साफ हवा चाहिए। नारंग ने कहा कि भाजपा शासित दिल्ली सरकार और नगर निकाय दिल्लीवालों की सेहत का बिल्कुल ख्याल नहीं रख रही है। भाजपा को दिल्ली की जनता की जान की कोई परवाह नहीं है। दिल्ली के अंदर एक्यूआई लेवल लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके बाद भी एंटी-स्मॉग को चालू न किया जाना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है।

अवैध तरीके से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिक दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी जिला पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

डीसीपी विक्रम सिंह ने एक प्रैसवार्ता में बताया कि पकड़े गये लोगों के नाम मोहम्मद रियाद हुसैन (28), आसिफ मियां (42), मोहम्मद शाबान इस्लाम (18) और मोहम्मद फारूकी हुसैन (41) हैं। चारों बांग्लादेश के रहने वाले हैं। जांच व पूछताछ में पता चला कि चारों यूनान का वीजा हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। इन्हें मंगोलपुरी रेलवे स्टेशन के पास घूमते समय पकड़ा गया। पुलिस को देखकर संदिग्धों ने अलग अलग दिशाओं में जाने की कोशिश की थी। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ और सत्यापन के दौरान चारों वैध पहचान और यात्रा संबंधी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। जांच में उनके पासपोर्ट और वीजा की अवधि समाप्त होने की पुष्टि हुई। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समन्वय से चारों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सिंह के अनुसार इस साल बाहरी जिले में 77 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया है जिनमें बांग्लादेश के 33 , नाइजीरिया के 20 , थाईलैंड के नौ, आइवरी कोस्ट के आठ , लाइबेरिया व घाना के दो-दो और सेनेगल, गांबिया, युगांडा तथा गिनी का एक-एक नागरिक शामिल हैं।

प्रीत विहार की पार्किंग में शख्स मृत मिला, पहचान के प्रयास जारी

हरिभूमि ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले के प्रीत विहार थाना अंतर्गत एक टावर की पार्किंग में शख्स मृत पाया गया। पार्किंग में अटेंडेंट के तौर पर काम करने वाले शख्स ने उसे सबसे पहले देखा और पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के इलाके में पूछताछ कर उसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह पीसीआर को कॉल मिली कि यहां एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। इसके बाद पुलिस की एक टीम घटना स्थल रूट्स टॉवर, स्वास्थ्य विहार, प्रीत विहार की पार्किंग में पहुंची। कॉलर आमिर आलम (26) निवासी मंडावली ने पुलिस को बताया कि वह रूट्स टॉवर की पार्किंग में अटेंडेंट के तौर पर काम करते हैं। आज उन्होंने एक 45 वर्षीय व्यक्ति को पार्किंग में पड़ा देखा, जो संभवतः नशे की हालत में था। उसे देखकर उन्होंने तुरंत एम्बुलेंस बुलाई, जिसके पहुंचने पर उस व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। शव पर चोट का कोई निशान नहीं था। इसके बाद क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फिर शव को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया। शव को सुरक्षित रखा गया है और मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

एमसीडी के पेंशनभोगियों के लिए खुशखबरी

1 जुलाई से मिलेगा बढ़ा हुआ राहत भत्ता, आयुक्त ने जारी किए निर्देश

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के पेंशनभोगियों व पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए खुशखबरी है कि अब उन्हें भी बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिलेगा। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार 13 नवंबर 2026 को एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने राहत भत्ते के रूप में बढ़ी हुई 3 प्रतिशत दर को लागू करने के लिए आदेश जारी कर दिए है। जिसके बाद अब एमसीडी के पेंशन भोगियों को 1 जुलाई 2026 से महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 63 प्रतिशत हो गया है। आयुक्त खिरवार के आदेश जारी करने के बाद, उप लेखा नियंत्रक, फाइनल पेमेंट (एफपी) गीता बत्रा ने अतिरिक्त आयुक्त (वित्त), आयुक्त के निजी सचिव (पीएस), सभी डीसीए / एओ (जोन) पेंशन सहित पेंशन बांटने वाले संबंधित बैंकों को इसकी अधिकृत रूप से जानकारी भेज दी है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली नगर निगम के पेंशनभोगियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों को नवंबर 2026 के महीने तक का भुगतान दिसंबर 2026 में किया जाएगा। जो अब 63 प्रतिशत की संशोधित दर पर महंगाई भत्ते के अनुसार होगा। जबकि जुलाई से नवंबर तक का बढ़ा हुआ एरियर यानी बकाया राशि भी सभी लाभार्थियों के खाते में दिसंबर में भेज दी जाएगी। जानकारी अनुसार निगम में लगभग 55 हजार से अधिक पेंशन भोगी व उनके परिजन है उन्हें इसका सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि महंगाई भत्ते के रूप में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 28 अक्टूबर 2026 को पेंशनभोगियों की महंगाई राहत और कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। जिसके तहत बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2026 से लागू मानी जाएगी। इसी के तहत अब एमसीडी आयुक्त खिरवार ने बढ़ी हुई 3 प्रतिशत की दरों को लागू करने व दिसंबर में जारी करने के निर्देश दे दिए है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc/84BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र राजकुमार शाह, निवासी डब्लू पी–369, वजीरपुर गाँव, श्री राम मंदिर के पास, अशोक विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 102/2020 U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 102/2020 U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना अशोक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर 108, पहली मंजिल
DP/16011/NW/2026(Court Matter) रोहिणी न्यायालय, नई दिल्ली

सूर्या इंडिया लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः बी–1/ एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044
सीआईएनः L74899DL1985PLC019991; फोनः +91 11 42504115; फैक्सः +911128898016,
ईमेलः cs@haldiram.com; वेबसाइटः www.suryaindialtd.com

30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के सार (लाख रुपये में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त छमाही	
		30.09.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025
		(अलेखापरीक्षित)			
1	परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	184.27	182.65	351.78	315.27
2	अवधि के लिए कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)	79.77	92.07	144.53	143.60
3	अवधि के लिए कर, असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद शुद्ध लाभ/(हानि)	79.77	92.07	144.53	143.60
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) और असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद	61.28	68.62	106.61	104.92
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं)	63.06	71.15	108.39	107.45
6	प्रदत इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु. 10/–)	698.58	698.58	698.58	698.58
7	आरक्षित (इसमें पुनर्मूल्यांकन आरक्षित शामिल है) जैसा पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाया गया है)	-	-	-	-
8	प्रति शेयर आय (प्रत्येक रु. 10/–) (जारी और बंद परिचालन के लिए) –				
	1. मूल (रुपयों में):	0.88	0.98	1.53	1.50
	2. परिसमाप्त (रुपयों में):	0.88	0.98	1.53	1.50

नोट्सः
1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर समाप्त तिमाही और छमाही के वित्तीय परिणामों के समय–समय पर यथासंशोधित विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही और छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध हैं।
2) उपरोक्त अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा समिति द्वारा 12.11.2026 को आयोजित बोर्ड की बैठक में की गई है तत्पश्चात निदेशक मंडल द्वारा 12.11.2026 को आयोजित बैठक में उसकी स्वीकृति प्रदान की गई है।
3) पिछली तिमाही/वर्ष के आँकड़ों को जहाँ भी आवश्यक समझा गया, पुनः समूहित और पुनः व्यवस्थित किया गया है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12.11.2026

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00011450

डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L74140DL1994PLC304881,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 9017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

क्र. सं.	विवरण	30.09.2026 के अनुसार समाप्त तिमाही हेतु	30.09.2025 के अनुसार पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह	31.03.2026 को समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष
		अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	12.75	21.58	80.65
2	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पूर्व)	-2.81	2.34	56.14
3	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	-2.81	2.34	56.14
4	कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	-3.57	1.75	50.33
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	-3.57	1.75	50.33
6	इक्विटी शेयर कैपिटल @ रु. 10/– प्रत्येक	1,161.29	1,161.29	1,161.29
7	रिजर्व (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक के)			
	बेसिक :	-0.03	0.02	0.43
	डायल्युटेड :	-0.03	0.02	0.43

टिप्पणी :–
1. उपरोक्त तैमाहिक परिणामों को ऑडिट कमेटी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और 13 अगस्त 2026 को आयोजित इसकी बोर्ड बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये हैं और ये सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये हैं।
2. तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') के अनुसार तैयार किये गये है और तदानुसार, ये वित्तीय परिणाम तुलनात्मक रिपोर्टिंग अवधि हेतु परिणामों सहित कम्पनी अधिनियम 2013 (''दि एक्ट'') की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानक 34 ''अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग'' (''Ind AS 34'') में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों के अनुरूप, और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज तथा संशोधित अनुसार सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 (दि ''लिस्टिंग रेगुलेशंस'') के अनुपालन में तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अथवा अन्य नियामकों द्वारा जारी कोई एप्लीकेशन मार्गदर्शन / स्पष्टीकरणों / निर्देशों को जैसे और जब जारी / लागू किये जाते हैं, के अनुसार क्रियान्वित किये गये हैं।
4. भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड (''सेबी'') (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में, 30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों की एक सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
5. कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक ''ऑपरेटिंग सेगमेंट्स'' (Ind AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट्स नहीं हैं और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है।
6. पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिये रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.11.2026

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
राजेश गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00025324

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने की नजफगढ़ स्थित ग्रामीण आरएचटीसी की संस्थागत प्रगति की समीक्षा

आरएचटीसी में अगस्त से अक्टूबर 2026 के बीच 94,900 से अधिक ओपीडी में मरीजों का पंजीकरण और लगभग 36,000 आपातकालीन मामले दर्ज किए गए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अंतर्गत नई दिल्ली के नजफगढ़ स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) की संस्थागत प्रगति और विकास की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान मंत्री को अस्पताल एवं मरीजों की देखभाल संबंधी सेवाओं, जांच एवं सहायक सुविधाओं, मानव संसाधन, शैक्षणिक बुनियादी ढांचे, गुणवत्ता आश्वासन और समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में संस्थान द्वारा की गई प्रगति की जानकारी दी गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने संस्थान की प्रगति और विकास में सहयोग देने के लिए सफदरजंग अस्पताल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के महत्वपूर्ण योगदान को भी स्वीकार किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों के निरंतर प्रयासों और सामूहिक प्रतिबद्धता से आरएचटीसी को मरीजों की देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा।

जांच एवं सहायक बुनियादी ढांचे का विस्तार

समीक्षा के दौरान संस्थान में जांच एवं सहायक सेवाओं को मजबूत बनाने पर भी प्रकाश डाला गया। संस्थान की प्रयोगशाला को एनएबीएल से मान्यता प्राप्त है, जबकि अल्ट्रासाउंड (यूएसजी) सुविधा 24 अक्टूबर, 2026 को शुरू हुई और अब तक 148 जांचें की जा चुकी हैं। फिजियोथेरेपी और श्रवण जांच (ऑडियोमेट्री) इकाइयां भी कार्यरत हैं। अगस्त से अक्टूबर 2026 के बीच 252 ऑडियोमेट्री जांचें की गईं।

अस्पताल और मरीजों की देखभाल संबंधी सेवाओं को मजबूत बनाना

आरएचटीसी, नजफगढ़ में अगस्त से अक्टूबर 2026 की अवधि के दौरान मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान संस्थान ने 10 विशेषज्ञताओं के अंतर्गत बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में 94,927 मरीजों का उपचार किया और 35,985 मरीजों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान कीं। इस अवधि में अस्पताल में 198 मरीजों को भर्ती किया गया। संस्थान में कुल 691 शल्यक्रियाएं की गईं, जिनमें 101 बड़ी और 590 छोटी शल्यक्रियाएं शामिल थीं। इसी अवधि में इसके रेबीज रोधी केंद्र और सर्पदंश उपचार सुविधा ने भी बड़ी संख्या में मरीजों को सेवाएं प्रदान कीं। अस्पताल में पूरी तरह कार्यरत प्रसव कक्ष, 350 से अधिक दवाओं की अद्यतन सूची वाली फार्मेसी और समर्पित आयुर्वेदिक एवं दंत चिकित्सा क्लीनिक उपलब्ध हैं। इससे मरीजों को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और व्यापक हुआ है।

भविष्य के विकास की रूपरेखा

समीक्षा के दौरान संस्थान की अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक विकास योजनाओं पर भी चर्चा की गई। अल्पकालिक योजना के तहत आरएचटीसी का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक थैलेसीमिया, नशामुक्ति, किशोर स्वास्थ्य, यौन रोग, रूमेटोलॉजी और गैर-संचारी रोगों से संबंधित विशेष क्लीनिक शुरू करना है।

मध्यमकालिक विकास योजना के तहत पारिवारिक चिकित्सा और आपातकालीन चिकित्सा में शिक्षण विभाग स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। इन्हें 2027 की पहली तिमाही के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। दीर्घकालिक योजना में बीएससी नर्सिंग कॉलेज, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान महाविद्यालय, आवासीय छात्रावास विकसित करना और चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं का विस्तार करना शामिल है। आरएचटीसी को 230 बिस्तरों वाले अस्पताल के रूप में उन्नत करने की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है। इस प्रस्तावित विस्तार से मरीजों की देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और संस्थागत प्रशिक्षण की क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है। समीक्षा में संस्थान के आगे के विकास के लिए आवश्यक प्रमुख परिचालन संबंधी जरूरतों पर भी चर्चा की गई। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों, वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता के साथ-साथ बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक मामलों से जुड़े मुद्दे शामिल थे।

आरएचटीसी के बारे में

वर्ष 1937 में स्थापित आरएचटीसी, नजफगढ़ का स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में लंबे समय से योगदान रहा है। यह संस्थान नजफगढ़, उजवा और पालम स्थित तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी) और उनके संबंधित उप-केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। ये केंद्र ग्रामीण और अर्ध-शहरी आबादी की स

मुख्यमंत्री लगातार कर रही हैं तैयारियों की समीक्षा

छठ महापर्व को सफल बनाने के लिए विभागों को सौंपी जिम्मेदारी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में छठ महापर्व के आयोजन की तैयारियां चाक-चौबंद हैं और इसे सफल बनाने के लिए दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर तक सभी घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं और कर्मियों की पूरी तैनाती सुनिश्चित कर ली गई है। इसके लिए अलग-अलग विभागों को उनके दायित्व सौंपे गए हैं। दिल्ली पुलिस घाटों पर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था संभालेगी, जबकि यातायात पुलिस श्रद्धालुओं की आवाजाही, वाहनों के सुचारु संचालन और आपातकालीन रास्तों की व्यवस्था देखेगी।

स्वच्छता के लिए नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को घाटों तथा आसपास के क्षेत्रों में सफाई, कचरा संग्रहण और निस्तारण की जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली जल बोर्ड पानी के टैंकरों और पेयजल की व्यवस्था कर रहा है, जबकि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड ने मोबाइल शौचालयों की उपलब्धता और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित की है।

बिजली विभाग और बिजली वितरण कंपनियों ने घाटों और वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर बिजली और रोशनी की व्यवस्था कर दी है। वहीं, बता दें कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं तैयारियों की लगातार निगरानी कर रही हैं। विभिन्न घाटों के निरीक्षण और संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठकों के माध्यम से मुख्यमंत्री ने महापर्व को लेकर विशेष निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार घाटों पर बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, चिकित्सा और स्वच्छता तक सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को छठ पूजा के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो।



मुख्यमंत्री के अलावा वरिष्ठ अधिकारी भी कर रहे हैं निरीक्षण

नई दिल्ली। छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री तो विभिन्न घाटों पर दौरा कर रही हैं, साथ ही वरिष्ठ अधिकारी भी वहां जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। विभिन्न जिलों के डीएम छठ पूजा समितियों और संबंधित एजेंसियों के साथ लगातार घाटों का अंतिम संयुक्त निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान घाटों की तैयारियों, पहुंच मार्गों, बिजली, पानी, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पक्की की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को संबंधित विभागों के माध्यम से दूर कर दिया गया है, ताकि घाटों पर छठ महापर्व शुरू होने से पहले आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सकें।

सीएम ने देखी यमुना से जुड़ी प्रस्तुतियां

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि 'नमो यमुना रिवर सफारी' और 'लाइट एंड साउंड शो' जैसी पहलों के माध्यम से यमुना को दिल्ली के पर्यटन, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन से फिर से जोड़ा जाए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सोनिया विहार स्थित नमो यमुना रिवर सफारी परिसर में आयोजित भव्य लाइट एंड साउंड शो में शामिल होने के बाद यह बात कही। उन्होंने बताया कि शो का शुभारंभ यमुना जी और उनके भाई यम के जन्म की पौराणिक गाथा के मनोहारी चित्रण के साथ हुआ। इसमें गोलोक से यमुना जी के पृथ्वी पर अवतरण की दिव्य कथा को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद यमुना जी और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी लीलाओं को संगीत, लाइट और म्यूजिकल फाउंटेन के भव्य समन्वय के माध्यम से जीवंत किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि रिवर क्रूज से लोग यमुना के प्राकृतिक परिवेश का अनुभव कर सकेंगे, जबकि म्यूजिकल फाउंटेन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस स्थान को आकर्षण का नया केंद्र बनाएंगी।

छठ पूजा पर तैनात किये जाएंगे पांच हजार से अधिक पुलिसकर्मी

नई दिल्ली

राजधानी में 15 और 16 नवंबर को छठ पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। इसके लिए पांच हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, यमुना घाटों, तालाबों और उन स्थानों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था विशेष रूप से मजबूत की जाएगी, जहां बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। पूर्वी, उत्तर-पूर्वी और शाहदरा जिलों के इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के एकत्र होने की उम्मीद है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी जिलों के पुलिस उपायुक्तों ने सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर चर्चा करने के लिए छठ पूजा आयोजकों और स्थानीय समितियों के सदस्यों के साथ बैठकें की हैं। राजधानी में पैदल, पुलिस नियंत्रण कक्ष, कारों और मोटरसाइकिलों के जरिए गश्त की जाएगी। 15 नवंबर को शाम के अर्घ्य और 16 नवंबर को सुबह के अनुष्ठानों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

प्रमुख घाटों, तालाबों, बाजारों और आयोजन स्थलों की ओर जाने वाली सड़कों पर भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। आयोजकों को आयोजन स्थलों पर प्रवेश और निकास द्वारों को बाधा मुक्त रखने के लिए कहा गया है। यातायात पुलिस ने भी दोनों दिनों के लिए एक एडवाइजरी जारी कर पूर्वी, उत्तर-पूर्वी और शाहदरा जिलों की कई सड़कों पर यातायात प्रतिबंधों और मार्ग परिवर्तन की घोषणा की है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे पुश्ता रोड पर शास्त्री पार्क से खजूरी चौक और नानकसर टी-पॉइंट से सोनिया विहार टोल टैक्स तक तथा शांति वन से श्मशान घाट तक के मार्ग से बचें।

उत्तरी दिल्ली, मध्य दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली की ओर जाने वाले यात्री दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे और जीटी रोड का उपयोग कर सकते हैं। जाम से बचने के लिए यातायात पुलिस ने श्रद्धालुओं के लिए 13 पार्किंग स्थलों की पहचान की है। इन स्थानों में डीएनडी के पास यमुना खादर, डीडीए मैदान, आईपी एक्सटेंशन में वेस्ट विनोद नगर का एक मैदान, खजूरी मेट्रो स्टेशन के बगल का क्षेत्र और सोनिया विहार के निवासियों के लिए दूसरे, 3.5 और 4.5 पुश्ते के पास यमुना की खाली जमीन शामिल है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

महापौर ने किया वासुदेव घाट का किया दौरा

नई दिल्ली। छठ पर्व की तैयारियों के तहत महापौर प्रवेश वाही ने आला अधिकारियों के साथ वासुदेव घाट का किया निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं पर जोर देते हुए कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित हो जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाट पर छठ पूजा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा विभिन्न छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी ली। इस मौके पर महापौर वाही के अलावा स्थानीय पार्षद राजपाल राणा, पार्षद सुमन गुप्ता सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। दौरे के समय महापौर ने संबंधित एसडीएम से बातचीत की तथा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त टेंट लगाने और घाट परिसर में आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। जिससे की छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने कहा कि एमसीडी द्वारा छठ घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से दवाइयों का छिड़काव कराया जा रहा है।

'श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के लिए मिले सुविधाजनक वातावरण'

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को भी छठ व्यवस्था को लेकर जनसेवा सदन में बैठक आयोजित की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व लाखों परिवारों की आस्था, विश्वास और परंपरा से जुड़ा है। सरकार का दायित्व है कि प्रत्येक व्रती और श्रद्धालु को पूजा-अर्चना के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिले। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जहां भी कोई कमी या बाधा सामने आए, संबंधित विभाग आपसी समन्वय से उसका तत्काल समाधान करें।

नरेला : घंटों कतार में लगने के बाद मिलता है छठ पूजा का कूपन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में छठ महापर्व के दौरान एक ऐसा घाट भी है, जहां भगवान सूर्य को अर्घ्य देने और छठी मैया की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं को तीन-तीन घंटे तक कतार में खड़ा रहना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि लोग इतनी लंबी प्रतीक्षा के बाद भी निराश नहीं होते, बल्कि अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं। नरेला के डीडीए ग्राउंड में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं को पहले कतार में लगकर कूपन लेना पड़ता है। जनहित पूर्वांचल सोसाइटी के महासचिव विनीत कुमार ने बताया कि इस घाट की खासियत केवल यहां उमड़ने वाली भीड़ नहीं, बल्कि इसके पीछे छिपा 24 वर्षों का संघर्ष और सामाजिक समर्पण भी है। वर्ष 2002 में जब नरेला क्षेत्र में छठ पूजा की पहचान तक सीमित थी और सार्वजनिक स्तर पर इसके आयोजन की परंपरा विकसित नहीं हुई थी, उस समय जनहित पूर्वांचल सोसाइटी के संस्थापक महासचिव विनीत कुमार ने महज 22 वर्ष की उम्र में यहां छठ पूजा की शुरुआत की थी। शुरुआत में सीमित संसाधनों के साथ शुरू हुआ यह आयोजन आज पूर्वांचल की संस्कृति, परंपरा और सामूहिक आस्था का बड़ा केंद्र बन चुका है।

खबर संक्षेप

जहरीली हुई हवा, एक्यूआई पहुंचा 400 पार

नई दिल्ली। इस सीजन में शुक्रवार को पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 400 पार पहुंच गया। अगर यह बढ़कर 450 पार हो गया तो तय है कि जल्द ही दिल्ली में ग्रैप के चरण-4 को लागू कर दिया जाएगा जिसके नियम बहुत ज्यादा सख्त है। सीजन में आज पहली बार सुबह छह बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 403 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में शामिल है। जबकि दिल्ली में इससे पहले 19 जनवरी 2026 को औसत एक्यूआई 410 दर्ज किया गया था। सुबह करीब 6 बजे आईआईटी दिल्ली में एक्यूआई 487, चांदनी चौक में 476, नॉर्थ कैंपस में 476, पूसा में 468 तथा एनएसयूटी जाफरपुर में 461 एक्यूआई दर्ज किया गया।

महापौर ने किया फिक्स्ड कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

नई दिल्ली। कचरा मुक्त अभियान के तहत उठाए जा रहे कदमों के अंतर्गत महापौर प्रवेश वाही ने शुक्रवार को रोहिणी के वार्ड-51 में फिक्स्ड कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) का उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर वाही ने कहा कि कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने आम जनता से स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। इस अवसर पर महापौर के अलावा उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के उपायुक्त अंशुल सिरोही, क्षेत्रीय पार्षद एवं निर्माण समिति के उपाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

संपत्ति कर नहीं भरने पर एमसीडी ने पांच संपत्तियों पर लगाई सील

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने संपत्ति कर नहीं भरने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए सील लगाने की कार्रवाई की है। एमसीडी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शुक्रवार को एमसीडी ने पांच संपत्तियों पर सील लगाई है। एमसीडी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम जोन (रोहिणी जोन) में कुल 30.88 लाख रुपये का बकाया संपत्ति कर न भरने पर इन पांच संपत्तियों को आज सील कर दिया गया है।



कुछ ही घंटों में चारों हाथ-पैरों ने साथ छोड़ा था, यथार्थ हॉस्पिटल में इलाज के बाद फिर चलने लगा मरीज

जीबीएस जैसी दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी को डॉक्टरों ने दी मात, तीन सप्ताह तक चला इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

यथार्थ हॉस्पिटल सेक्टर-88 फरीदाबाद के डॉक्टरों ने गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से पीड़ित एक मरीज का सफल इलाज कर उसे दोबारा चलने-फिरने में सक्षम बनाया। बीमारी इतनी तेजी से बढ़ी कि कुछ ही घंटों में मरीज के दोनों हाथ-पैरों में गंभीर कमजोरी आ गई। वह न तो चल पा रहा था और न ही हाथों से कोई वस्तु पकड़ पा रहा था। यहां तक कि उसे भोजन निगलने और सांस लेने में भी परेशानी होने लगी। गंभीर हालत के चलते उसे आईसीयू में भर्ती करना पड़ा।

जांच के दौरान मरीज में जीबीएस नामक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी की पुष्टि हुई। यह बीमारी शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा गलती से नसों पर हमला करने के कारण होती हैए जिससे मांसपेशियों की ताकत प्रभावित होती है। यथार्थ हॉस्पिटल्स के न्यूरोलॉजी विभाग के चेयरमैन एवं ग्रुप डायरेक्टर डॉ. (प्रो) कुणाल बहरानी ने बताया कि मरीज की हालत तेजी से बिगड़ रही थी।

मरीज की मांसपेशियों की ताकत हुई सामान्य

गंभीर हालत के चलते उसे आईसीयू में भर्ती करना पड़ा



तत्काल प्लाज्मा एक्सचेंज के छह सेशन और इसके बाद इंट्रावीनस इम्युनोग्लोबुलिन थेरेपी शुरू की गई। मरीज को आईसीयू में लगातार निगरानी में रखा गयाए ताकि सांस संबंधी जटिलताओं से बचाया जा सके। फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास विभाग की हेड डॉ. अल्का ने बताया कि मरीज की रिकवरी में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उसे सांस लेने के व्यायाम, हाथ-पैरों की गतिविधियां और मांसपेशियों को मजबूत करने का अभ्यास कराया गया।

कजाकिस्तान की फिल्म 'बिशारा की इन इंडिया' में नेगेटिव लीड निभाकर बनाई पहचान

अंतरराष्ट्रीय सिनेमा तक पहुंचे सुमित अरोड़ा, थिएटर के 12 साल का अनुभव काम आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



थिएटर में 12 साल तक अभिनय की बारीकियां सीखने के बाद अभिनेता सुमित अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखा है। कजाकिस्तान की प्रोडक्शन कंपनी टाइगर फिल्म्स कजाकिस्तान की फीचर फिल्म 'बिशाराश्की इन इंडिया' में सुमित ने नेगेटिव लीड की भूमिका निभाई है। दिल्ली और मुंबई में थिएटर से अभिनय सफर शुरू करने वाले सुमित ने रंगमंच के लंबे अनुभव से संवाद अदायगी, आवाज और किरदारों की बारीकियों पर पकड़ बनाई। इसके बाद उन्होंने डिजिटल सीरीज, मिनी सीरीज, शॉर्ट फिल्मों, म्यूजिक वीडियो और विज्ञापनों में भी काम किया। उनके प्रमुख स्क्रीन प्रोजेक्ट्स में 'लैवेंडर', 'पैरलल लाइन्स', 'टुगेदर इन अ परफेक्ट लाइ', 'द परफेक्ट ब्रेकअप स्टोरी' और 'दादा' शामिल हैं। इसके अलावा वह एको, बजाज ब्रोकिंग, एप्सन, कैसियो और कार्स24 जैसे ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आ चुके हैं।

खबर संक्षेप

नीलामी से लगभग 485 करोड़ का राजस्व प्राप्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए की संपत्तियों की नीलामी में उल्लेखनीय



सफलता हासिल करते हुए कुल 19 संपत्तियों के लिए सफल बोलियां प्राप्त की गईं। इस नीलामी से प्राधिकरण को लगभग 485 करोड़ (चार सौ पचासी करोड़ रुपये) का राजस्व प्राप्त होगा। यह उपलब्धि न केवल प्राधिकरण की संपत्तियों के प्रति निवेशकों के बढ़ते आकर्षण को प्रदर्शित करती है।



पूर्व विधायक नीरज शर्मा के परिवार में छठ महापर्व की धूम

फरीदाबाद। लोक आस्था, शुद्धता और सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा की शुरुआत आज पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गई है। एनआईटी फरीदाबाद के पूर्व विधायक नीरज शर्मा के निवास पर भी छठ महापर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। पूर्व विधायक नीरज शर्मा की पुत्रवधू अंकिता शर्मा और पायल शर्मा ने शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ नहाय-खाय की रस्म निभाते हुए इस कठिन और पवित्र व्रत का शुभारंभ किया। पर्व के पहले दिन सुबह स्नान आदि से निवृत्त होकर अंकिता शर्मा और पायल शर्मा ने पूर्ण सात्विकता और पवित्रता के साथ प्रसाद तैयार किया।

भाजपा सरकार पर बरसे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, वोट चोरी और कुशासन को लेकर साधा निशाना

कांग्रेस की सियासी हलचल तेज, राव नरेंद्र सिंह ने सतीश भड़ाना के निवास पर की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की राजनीतिक गतिविधियों को उस समय नई मजबूती मिली, जब हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश भड़ाना के निवास पर शिरकत की। उनके पहुंचने पर सतीश भड़ाना एवं क्षेत्र के ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश की



जनता भाजपा के कुशासन, महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों से परेशान है।

लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत होता है, लेकिन वोट चोरी और मतदाता सूची में गड़बडिय़ों को लेकर लगातार गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा करने के बजाय लोगों को समस्याओं के बीच छोड़ दिया है। किसान, युवा, व्यापारी और आम नागरिक सभी परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध करेगी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संघर्ष करती रहेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश भड़ाना ने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है। क्षेत्र में विकास, मूलभूत सुविधाओं और आम जनता से जुड़े अनेक मुद्दे आज भी समाधान की बाट जोह रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच रहकर संघर्ष करेगी।

स्वास्थ्य अध्ययनों में बीमारी का खतरा उजागर

हवा में घुला जहर, सेहत पर भारी पड़ रहा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारत में वायु प्रदूषण अब केवल आंखों में जलन, खांसी और सांस फूलने तक सीमित नहीं है, बल्कि गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ा रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की एक समीक्षा में सामने आया है कि वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य के संबंध पर किए गए 184 अध्ययनों में से 169 में स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ने की पुष्टि हुई है। यानी 90 फीसदी से अधिक शोधों में प्रदूषण और खराब सेहत के बीच संबंध पाया गया है।

1975 से 2025 के बीच प्रकाशित शोधों पर आधारित इस समीक्षा में भारत की आबादी पर वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों का आकलन किया गया।

सांस की बीमारी से लेकर कैंसर तक खतरा

अध्ययन में सांस संबंधी बीमारियों पर सबसे ज्यादा 86 शोध किए गए। इसके अलावा मृत्यु दर पर 16 और हृदय संबंधी बीमारियों पर 11 अध्ययन हुए। मधुमेह, गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं, बच्चों के कम वजन, कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य और किडनी संबंधी समस्याओं का भी विश्लेषण किया गया।

सरकारी शोधों में भी पुष्टि

सरकारी वित्तपोषण से किए गए 46 अध्ययनों में से 44 में स्वास्थ्य जोखिम बढ़ने की बात सामने आई। वहीं, सरकारी संस्थानों से संबद्ध 81 में से 77 अध्ययनों में प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव पाए गए। इनमें आईसीएमआर, एम्स, सीपीसीबी और सीएसआईआर जैसे संस्थान शामिल हैं। दिल्ली में सबसे ज्यादा अध्ययन, गांव भी प्रभावित दिल्ली में सबसे ज्यादा 23 अध्ययन हुए।

सर्वप्रिय त्यागी ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने के दिए निर्देश

मतदाता सूची से एक भी पात्र नागरिक का नाम नहीं छूटने का भाजपा ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मतदाता सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो और कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए भाजपा गुरुग्राम ने विशेष अभियान चलाने का संकल्प लिया है। शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय गुरुकमल में जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित मासिक



बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि मतदाता सूची से हटाए गए नामों की बूथवार जांच की जाए। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची से हट गया है तो उससे संपर्क कर नियमानुसार दोबारा नाम जुड़वाने में पूरी मदद की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे। गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना और उसके मताधिकार की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

आईडीबीआई बैंक को वैश्विक पहचान दिलाने की तैयारी, फेयरफैक्स बनाएगी बड़ा वित्तीय संस्थान

पीटर क्लार्क बोले, वैश्विक पहुंच वाला भारत का सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सल बैंक बनने की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

कनाडा की निवेश कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स आईडीबीआई बैंक को बैंकिंग, बीमा, निवेश बैंकिंग और वेल्थ मैनेजमेंट सेवाओं वाला बड़ा वित्तीय संस्थान बनाने की तैयारी में है। कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी पीटर क्लार्क ने कहा कि आईडीबीआई बैंक में वैश्विक पहुंच वाला भारत का सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सल बैंक बनने की क्षमता है। अरबपति निवेशक प्रेम वत्स के नेतृत्व वाली फेयरफैक्स ने बैंक की 60.72 प्रतिशत नियंत्रक हिस्सेदारी के लिए 81 रुपए प्रति शेयर की बोली लगाई है। यह सौदा 52,878 करोड़ रुपए का है। प्रस्तावित अधिग्रहण से बैंक का प्रबंधन नियंत्रण फेयरफैक्स के पास जाएगा, जबकि केंद्र सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम संयुक्त रूप से 34 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेंगे।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.नं. 365 दिनांक 11.11.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- अनुष्का।
पिता का नाम- सोनु।
पता वासी गाँव लहराडा जिला सोनीपत।
उम्र -15 वर्ष।
कद -5 फुट।
हुलियाः रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, दुबला पतला शरीर।
पहनावाः हरे रंग का सूट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.11.2026 को अनुष्का पुत्री सोनु वासी गाँव लहराडा जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। जो अब तक घर वापिस नहीं आई हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. 7419410534
अनुसंधानकर्ता मो. नं. -9306902893
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5597/2027/50993/88/7 दि. 13.11.26

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.नं. 362 दिनांक 06.10.2026 धारा 137 (6) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम-ईशिका।
पिता का नाम - प्रवीण।
पता - वासी न्यात कालोनी गोहाना जिला सोनीपत।
उम्र -17 वर्ष 6 महीने।
कद - 5 फुट 3 ईंच।
हुलियाः- रंग गोरा, गोल चेहरा, काली आँखें, काले बाल।
पहनावा - जामनी रंग का सूट-पलाजो पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.10.2026 को ईशिका पुत्री प्रवीण वासी न्यात कालोनी गोहाना जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। जो अब तक घर वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410544
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9468314717
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5598/2027/50997/88/7 दि. 13.11.26

एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : L74210DL1987PLC029979
पंजीकृत कार्यालयः 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
टेलीफोनः +91–11–42504842
ई–मेलः sbecsystems@rediffmail.com, वेबसाइटः www.sbecsystems.in

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए असंपरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (पृथक्कृत और समेकित)

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथक्कृत				समेकित			
		तिमाही समाप्त		अर्ध वर्ष समाप्त	वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त		अर्ध वर्ष समाप्त	वर्ष समाप्त
		30.09.2026 अलेखापरीक्षित	30.09.2025 अलेखापरीक्षित	30.09.2026 अलेखापरीक्षित	31.03.2026 लेखापरीक्षित	30.09.2026 अलेखापरीक्षित	30.09.2025 अलेखापरीक्षित	30.09.2026 अलेखापरीक्षित	31.03.2026 लेखापरीक्षित
1	कुल आय	146.12	113.50	232.28	394.80	146.12	113.50	232.28	394.80
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण आइटम)	17.01	(19.34)	36.30	12.83	17.01	(19.34)	36.30	12.83
3	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवाद और/या असाधारण आइटम और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद)	17.01	(19.34)	36.30	12.83	17.01	(19.34)	36.30	12.83
4	शुद्ध कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) (अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद)	17.01	(19.34)	36.30	151.26	17.01	(19.34)	36.30	151.26
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	17.01	(19.34)	36.30	151.26	17.01	(19.34)	36.30	151.26
6	इक्विटी शेयर पूंजी	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00
7	पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर रिजर्व पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिजर्व	–	–	–	(646.73)	–	–	–	(2,069.82)
8	प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए)								
	क. मूल	(0.17)	(0.19)	0.36	1.51	(0.17)	(0.19)	0.36	1.51
	ख. तनुकृत	(0.17)	(0.19)	0.36	1.51	(0.17)	(0.19)	0.36	1.51

टिप्पणियाँ:

1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनिरमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा इसकी संस्तुति की गई है तथा 13 नवंबर, 2026 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं निदेशक
डीआईएनः 00004606

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13.11.2026

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड

सीआईएनः L52324DL1981PLC012033
पंजीकृत कार्यालयः जी–4, सामुदायिक केंद्र, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
निवेशकों के लिए ई–मेल आईडीः rekha.srivastava2016@gmail.com टेलीफोनः 011–25774212–214

30 सितंबर, 2025को समाप्त तिमाही/अर्धवर्ष के लिए अलेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश

(आंकड़े लाख में)

विवरण	स्टैंडअलोन परिणाम					समेकित परिणाम				
	30.09.2026 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित)	30.09.2025 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित)	30.09.2026 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित)	30.09.2025 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)	30.09.2026 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित)	30.09.2025 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित)	30.09.2026 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित)	30.09.2025 को समाप्त अर्ध वर्ष (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)
परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें)	–2.58	–1.93	–5.27	–2.44	22.70	–2.58	–1.93	–5.27	–2.44	–13.25
कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	–2.58	–1.93	–5.27	–2.44	22.70	–2.58	–1.93	–5.27	–2.44	–13.25
कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	–2.93	–1.93	–5.62	–2.44	16.99	–2.93	–1.93	–5.62	–2.44	–18.96
अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	–2.93	–1.93	–5.62	–2.44	16.99	33.34	43.38	144.13	216.08	446.81
प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00
आरक्षित निधि (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर)	–	–	–	–	–	–	–	–		
प्रति शेयर आय (निरंतर और बंद परिचालनों के लिए)										
मूलः	–0.04	–0.03	–0.08	–0.03	0.24	0.48	0.62	2.05	3.07	6.42
तनुकृतः	–0.04	–0.03	–0.08	–0.03	0.24	0.48	0.62	2.05	3.07	6.42

परिसंपत्तियों और देनदारियों का अलेखापरीक्षित विवरण

क्र. स.	विवरण	स्टैंडअलोन		समेकित	
		30 सितंबर, 2026 तक राशि लाखों में	31 मार्च, 2026 तक राशि लाखों में	30 सितंबर, 2026 तक राशि लाखों में	31 मार्च, 2026 तक राशि लाखों में
I.	परिसंपत्तियाँ				
1	गैर–चालू परिसंपत्तियाँ				
	(क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	–	–	–	–
	(ख) पूँजीगत कार्य प्रगति पर	–	4.29	–	4.29
	(ग) वित्तीय परिसंपत्तियाँ				
	(I) निवेश	370.31	370.31	4814.98	4,665.23
	(घ) अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियाँ	–	–	–	–
2	चालू परिसंपत्तियाँ				
	(क) वित्तीय परिसंपत्तियाँ				
	(I) व्यापार प्राप्य	–	–	–	–
	(II) नकद और नकद समकक्ष	139.21	149.22	139.21	149.22
	(III) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	1.24	1.39	1.24	1.39
	(ख) चालू कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध)	8.51	3.61	8.51	3.61
	(ग) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	7.18	4.85	7.18	4.85
	कुल	526.44	533.67	4971.11	4,828.59
II.	इक्विटी और देयताएँ				
	इक्विटी				
	(क) इक्विटी शेयर पूंजी	704.00	704.00	704.00	704.00
	(ख) अन्य इक्विटी	–221.26	(215.64)	4223.40	4,079.27
	कुल इक्विटी				
	देयताएँ				
1	गैर–चालू देयताएँ				
	(क) वित्तीय देयताएँ				
	(I) उधार	–	–	–	–
2	चालू देयताएँ				
	(क) वित्तीय देयताएँ				
	(I) व्यापार देय	–	–	–	–
	क) कुल बकाया एमएसई के अलावा अन्य लेनदारों की देय राशि	0.06	1.89	0.06	1.89
	(II) अन्य वित्तीय देनदारियां	43.00	43.00	43.00	43.00
	(ख) अन्य चालू देयताएँ	0.65	0.43	0.65	0.43
	कुल	526.44	533.67	4971.11	4,828.59

विस्तृत वित्तीय परिणामों के लिए QR कोड स्कैन करें

नोटः
ऊपर दिया गया विवरण सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही/अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही/अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः http://www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध है।

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
रुचिका भारद्वाज
निदेशक
डीआईएन–00288459

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13.11.2026

आज कुलवंत सिंह स्टेडियम में सजेगा पूर्व सैनिक रैली का मंच, 2500 से 3000 पूर्व सैनिक, वीर नारियां और दिवंगत सैनिकों की पत्नियां शामिल होंगी

सरहद के वीरों का सम्मान, परिवारों के अरमान पूरे करेगी योगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

सरहद की रक्षा करते हुए दुश्मनों के मंसूबों को नाकाम करने वाले वीर सैनिकों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। आज इसी क्रम में 14 नवंबर को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में होने वाली इस रैली में 2500 से 3000 पूर्व सैनिक, वीर नारियां और दिवंगत सैनिकों की पत्नियां शामिल होंगी।

पेंशन संबंधी प्रकरणों, दस्तावेजों में त्रुटियों, लंबित दावों और अन्य देय सुविधाओं से जुड़े मामलों में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी

सीएम योगी आदित्यनाथ और मध्य कमान के सेनाध्यक्ष की रहेगी मौजूदगी

सैनिकों के शौर्य और बलिदान को सम्मान देने का अवसर बनेगा



एक मंच पर होगा पेंशन और दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं का समाधान

एक मंच पर होगा पेंशन और दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं का समाधान रैली का प्रमुख उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और दिवंगत सैनिकों के परिवारों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित मंच उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभिन्न विभागों और संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। पेंशन संबंधी प्रकरणों, दस्तावेजों में त्रुटियों, लंबित दावों और अन्य देय सुविधाओं से जुड़े मामलों में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारी पात्र लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी देंगे। इस पहल से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। साथ ही, उन्हें समय पर सहायता उपलब्ध कराने और उनके अधिकारों का लाभ दिलाने की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा।

आयुक्त ओजस्वी राज ने किया नगर निगम का औचक निरीक्षण

नगर आयुक्त के आकस्मिक निरीक्षण से निगम में हड़कंप तीन कर्मचारी सेवा से बर्खास्त



मथुरा वृंदावन ननि में नगर आयुक्त ओजस्वी राज औचक निरीक्षण करते हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मथुरा

मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने शुक्रवार को मथुरा वृंदावन नगर निगम का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें कई कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने पर उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया तथा सख्त लहजे सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी लापरवाही करेगा उसे बक्शा नहीं जाएगा नगर निगम में आज पूरे दिन कर्मचारियों में हड़कंप छाया रहा वहीं नागरिकों ने नगर आयुक्त की कार्यवाही को आवश्यक बताते हुए कहा कि इसी तरह अधिकारियों को अपने कार्य को अंजाम देना चाहिए और अगर यही पद्धति अपनाई गई तो निगम में समस्याओं का निराकरण आसान हो जाएगा।

नगर आयुक्त ने नगर निगम में जन्म-मृत्यु कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर बिना सूचना गायब पाए जाने पर दिन का वेतन कटा और पूरे माह का वेतन रोक दिया यही नहीं प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पर लिपिक नहीं दे सका जवाब, कार्यालय में मिले अनाधिकृत लोग, लिपिक को नोटिस दिया। ताजुब्ब तो उस समय हुआ जलकल कार्यालय में आईजीआरएस शिकायतों में भारी लापरवाही, नगर आयुक्त ने खुद शिकायतकर्ता को लगाया फोन लगा दिया शिकायतकर्ता बोला - अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, इस पर कंप्यूटर ऑपरेटर रवि कुमार को मिला नोटिस दे दिया यही नहीं उपस्थिति रजिस्टर में बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया, कान्हा था गायब, भीमसेन ने लगा दी हाजिरी! इस पर फर्जी हाजिरी कांड में दोनों कर्मचारी सेवा से बर्खास्त कर दिए गए हैं केजेएल कंपनी को भी नोटिस दिया है प्रकाश विभाग के ड्राइवर ओमवीर सिंह ने पुलिसकर्मी से की अभद्रता, सेवा से हटाने के आदेश दे दिया । नगर आयुक्त ने कहा काम में लापरवाही और अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी! आयुक्त ओजस्वी राज ने बताया कि नगर निगम में औचक निरीक्षण और छापे आगे भी जारी रहेंगे।

खबर संक्षेप

भीषण सड़क हादसा, महिला समेत 3 की मौत

पटना। मनिहारी-नारायणपुर-पूर्णिया फोरलेन सड़क पर शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे हुए



भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में कार सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सभी मृतक कटिहार शहर के बैगना इलाके के हैं। बैगना निवासी 68 वर्षीय शंभु सिंह अपनी पत्नी 64 वर्षीय उषा देवी और पड़ोसी 64 वर्षीय मंजु रानी समेत कार से गंगा स्नान करने मनिहारी जा रहे थे।

गंगा में डूबे दो किशोर एक को बचाया

मुंगेर। बिहार के मुंगेर में छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय पर बड़ा हादसा हो गया। सदर प्रखंड के शंकरपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को स्नान करने के दौरान दो किशोर गहरे पानी में डूबने लगे।

'प्रोजेक्ट प्रवीण' में जुड़े वित्तीय कौशल और उद्यमिता विकास के दो नए मॉड्यूल

व्यावसायिक शिक्षा के पांचों कौशल मानक पूरे करने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

चालू वित्तीय वर्ष में 515 स्कूलों के करीब दो लाख विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण,यूपी देश का पहला राज्य बना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत स्कूली शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एनईपी की व्यावसायिक शिक्षा के लिए निर्धारित कौशल विकास के सभी पांचों मानकों को पूरा करने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन गया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के 'प्रोजेक्ट प्रवीण' में अब 'वित्तीय कौशल' और 'उद्यमिता विकास' के दो नए मॉड्यूल शामिल किए गए हैं।

रोजगार की दिशा में उत्तरप्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की

एआई व डिजिटल कौशल प्रशिक्षण दिया दिया गया

छात्र-छात्राओं को फाइनेंस मैनेजमेंट का ज्ञान दिया



अब मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर इसमें 02-02 घंटे के वित्तीय कौशल और उद्यमिता विकास मॉड्यूल भी जोड़ दिए गए हैं। इसके जरिए छात्र-छात्राओं को फाइनेंस मैनेजमेंट, सटीक वित्तीय निर्णय लेने और अपना उद्यम शुरू करने का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है।

सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए प्रतिबद

मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को केवल डिग्रीधारक ही नहीं, बल्कि हुनरमंद बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन नए मॉड्यूल से विद्यार्थी बचत, निवेश और व्यवसाय की बारीकियों को समझकर भविष्य में 'जॉब सीकर' के बजाय 'जॉब क्रिएटर' बन सकेंगे।अब इन पांच मानकों पर मिलेगा प्रशिक्षणएनईपी-2020 के तहत व्यावसायिक शिक्षा के लिए पांच प्रमुख मानक तय किए गए हैं। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' में पहले से ही विद्यार्थियों को तीन मानकों— न्यूनतम 180 घंटे का तकनीकी कौशल, 30 घंटे का सॉफ्ट स्किल और 04 घंटे का एआई व डिजिटल कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ दिया जा रहा रोजगारपरक प्रशिक्षण

कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को लाभमिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत प्रदेश के 515 विद्यालयों के लगभग दो लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अलावा अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) विद्यालय, अटल आवासीय, सर्वोदय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को भी शामिल किया गया है। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर

पूर्व विधायक को नहीं मिला 85 लाख का मुआवजा

बुलंदशहर। आम आदमी ही नहीं, अब जनप्रतिनिधि भी अपने अधिकारों और मुआवजे के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। खुर्जा से तीन बार विधायक रहे भाजपा के पूर्व विधायक हरपाल सिंह करीब 85 लाख रुपये के जमीन मुआवजे के लिए वर्षों से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। उनका आरोप है कि टीएचडीसी पावर प्लांट के लिए अधिगृहित की गई उनकी जमीन का मुआवजा अब तक नहीं मिला है।

पेज एक का शेष

नॉर्वे की पत्रकार...

बीते समय में की गई नार्वे यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्राध्यक्ष के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद अलग से प्रेस कॉन्फ्रेंस न करने को लेकर उनसे आक्रामकता के साथ सवाल पूछा था। जिसका पीएम कोई जवाब दिए बिना सीधे आयोजन स्थल से बाहर निकल गए थे।

राष्ट्रीय नीति का पालन पहली शर्त: उन्होंने कहा कि दुनिया के तमाम देशों से भारत यही उम्मीद करता है कि वह हमारी राष्ट्रीय नीति का कड़ाई के साथ पालन करेंगे। क्योंकि इसकी हमारे संबंधों में बेहद अहम भूमिका है। जहां तक राजनीतिक हस्तियों के विदेश दौरों का मामला है। तो उसका सबसे पहले मंत्रालय द्वारा विश्लेषण किया जाता है और उसमें भी राष्ट्रीय नीति एक जरूरी पक्ष के रूप में शामिल रहती है। इसी प्रकार हम अपना आकलन व विश्लेषण करते हैं।

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी...

करता है। भारत की सभ्यता में इन दोनों दृष्टिकोणों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्वजों ने हजारों वर्ष पहले ही आकाश का गहन अध्ययन शुरू कर दिया था। उन्होंने तारों और ग्रहों की गति को समझा तथा उनके आधार पर पंचांगों की रचना की। सूर्य और चंद्र ग्रहण की घटनाओं के समय की सटीक गणना करने में भी प्राचीन भारतीय विद्वानों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। प्रधानमंत्री ने महान खगोलशास्त्रियों और विचारकों आर्यभट्ट तथा वराहमिहिर का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विद्वानों ने आधुनिक तकनीक और उपकरणों के अभाव में भी खगोल विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खोजें कीं और अत्यंत जटिल गणनाएं कीं। यह भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और ज्ञान परंपरा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान और अनुसंधान के साथ जोड़कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आज देश के युवाओं के पास विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के व्यापक अवसर हैं।

समाज के कल्याण के ...

एवं बचाव कार्यों की तैयारी करने और जन-धन की हानि कम करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। भारत इसी सोच के साथ अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है।

क्या है कॉसमॉस ...

की सबसे बड़ी विशेषता इसका 15 मीटर का झुका हुआ एलईडी गुंबद है, जिसमें लगभग 6,150 पैनल और 4.2 करोड़ व्यक्तिगत एलईडी लगे हैं। पारंपरिक तारामंडलों में प्रोजेक्टर के माध्यम से गुंबद पर तस्वीरें और वीडियो दिखाए जाते हैं, जबकि यहां पूरा गुंबद ही एलईडी स्क्रीन के रूप में काम करता है। इस अत्याधुनिक व्यवस्था के कारण गुंबद पर उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें, वीडियो और खगोलीय घटनाओं के दृश्य सीधे प्रदर्शित किए जा सकते हैं। इससे दर्शकों को ऐसा अनुभव मिलेगा, मानो वे स्वयं अंतरिक्ष के भीतर मौजूद हों। एलईडी तकनीक के माध्यम से वास्तविक समय में दृश्य और आंकड़े प्रदर्शित करने की भी सुविधा होगी। यहां स्थापित स्काई थिएटर में खगोल विज्ञान पर आधारित विशेष कार्यक्रम दिखाए जाएंगे। इसके अलावा मैसूरु के इतिहास और खगोल विज्ञान के आपसी संबंधों पर आधारित एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में उपलब्ध होंगे। इस केंद्र में प्रदर्शनी हॉल, खगोल विज्ञान संग्रहालय, वैज्ञानिक मॉडल एवं कलाकृतियां, व्याख्यान कक्ष, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यार्थियों के लिए संवादात्मक विज्ञान प्रदर्शनियां भी होंगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और आम लोगों में खगोल विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना है। कॉसमॉस-मैसूरु की गतिविधियां भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के देशभर में संचालित अनुसंधान कार्यक्रमों, दूरबीन सुविधाओं और भविष्य की खगोलीय परियोजनाओं को भी सहयोग देंगी। इस परियोजना को भारत में विज्ञान शिक्षा और खगोल विज्ञान के लोकप्रियकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवा शोधकर्ताओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से ब्रह्मांड को समझने तथा वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला ...

की विशेष पहचान पारंपरिक हरियाणवी चौपाल है। ग्रामीण परिवेश में बनी इस चौपाल में गांव की झलक देखने को मिलेगी, जो प्रदेश की सामाजिक मेलजोल, सामूहिक भागीदारी और आपसी भाईचारे की परंपरा को दर्शाती है तथा आगंतुकों को हरियाणा के ग्रामीण जीवन और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक देती है।

एआई और एआर ...

वे डिजिटल परिवेश के साथ जुड़कर अपना अनुभव यादगार बना सकते हैं। इसके अलावा इंटरैक्टिव डिजिटल क्विज के माध्यम से लोग हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, उपलब्धियों और विकास के बारे में रोचक जानकारी हासिल कर सकते हैं।

तेजी से हो रहे विकास की दिखेगी झलक : सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि पवेलियन में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, तेजी से हो रहे विकास की झलक बेहद आकर्षक तरीके से प्रस्तुत की गई है। इसके साथ-साथ स्पोर्टस का पावर हाउस कहे जाने वाले हरियाणा की तस्वीर भी देखने को मिलेगी। 22 नवंबर को व्यापार मेले में हरियाणा डे मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शिरकत करेंगे। इस दौरान हरियाणवी फोक डांस व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेंगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और हॉल नंबर-5 में बनाए गए हरियाणा पवेलियन को जरूर विजिट करें।

विभागों की योजनाओं के साथ निर्यात क्षमता की भी प्रदर्शनी : सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि पवेलियन की परिधि पर हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों और सहभागी संस्थाओं के लिए अलग-अलग प्रदर्शनी स्थल बनाए गए हैं। डिस्प्ले पैनल, डिजिटल स्क्रोलर, सूचना बोर्ड और उत्पाद प्रदर्शन के जरिये यहां प्रदेश की प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और विकास प्राथमिकताओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही एक समर्पित निर्यात-उन्मुख प्रदर्शनी में हरियाणा की औद्योगिक क्षमता, विनिर्माण शक्ति और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मौजूदगी को दर्शाया गया है।

शिल्पकारों, स्वयं सहायता समूहों और एमएसएमई को मिला मंच: उन्होंने बताया कि पवेलियन में शिल्पकारों, स्वयं सहायता समूहों और एमएसएमई को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए स्थान उपलब्ध करवाया गया है। कुल 10 शिल्पकारों एवं स्वयं सहायता समूहों तथा 22 एमएसएमई ने अपने स्टॉल लगाए हैं। उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित प्रमुख उत्पादों में टेराकोटा मिट्टी के बर्तन, कृत्रिम आभूषण, जैविक एवं हर्बल उत्पाद, फुलकारी, जिम उपकरण, कांच के खिलौने, स्पोर्ट्सवियर, परफ्यूम, परिधान और हरियाणा के लोकप्रिय व्यंजन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक शिल्पकार को प्लास्टिक कचरे से तैयार पर्यावरण अनुकूल चित्रों का लाइव प्रदर्शन करने का मंच भी दिया गया है।

74 देशों में 16 ...

कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है। टीम मीटिंग, ईमेल और जरूरी सूचनाओं का आदान-प्रदान बाधित होने से कई कंपनियों का कामकाज प्रभावित हुआ। इस वैश्विक आउटेज से हर घंटे करीब एक लाख अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 94 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

इंडिगो व एयर इंडिया की ईमेल सेवा प्रभावित: माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं ठप होने का असर विमानन क्षेत्र पर भी पड़ा। इंडिगो ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि उसकी ईमेल सपोर्ट सेवा प्रभावित हुई है और कंपनी ग्राहकों के ईमेल प्राप्त नहीं कर पा रही है। एयर इंडिया ने कहा कि उसकी उड़ानों का संचालन और संचार सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। यात्रियों को निर्बाध सहायता देने के लिए कंपनी ने अस्थायी रूप से अपने ईमेल का रूट बदल दिया है। अकासा एयर ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। हांगकांग के वित्तीय क्षेत्र में भी इस आउटेज का प्रभाव पड़ा। गोल्डमैन सैक्स और नोमुरा जैसे बड़े निवेश बैंकों के कर्मचारियों को आउटलुक पर ईमेल भेजने और प्राप्त करने में परेशानी हुई।

सर्वर पर बढ़ा दबाव, साइबर हमले की आशंका से इनकार: माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार कुछ सर्वर अचानक बंद होने से उनका लोड दूसरे सर्वरों पर चला गया। इससे सर्वर पर दबाव बढ़ा और कनेक्टिविटी संबंधी समस्याएं पैदा हुईं। इस बीच सोशल मीडिया पर साइबर हमले की आशंकाएं भी जताई गईं। हालांकि, कंपनी की शुरुआती जांच में सर्वर और उसके इंफ्रास्ट्रक्चर की तकनीकी खामी को समस्या की वजह बताया गया। कंपनी ने साइबर हमले की पुष्टि नहीं की है।

बेकाबू ट्रक ने ट्रैवलर ...

जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री अतुल बोरा घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की।

अर्जुन पुरस्कार पाने ...

और पूजा, पैरा शूटिंग से रुद्रांश खंडेलवाल, पैरा एथलेटिक्स से एकता भ्यान, रोइंग से अरविंद सिंह और निशानेबाजी से अखिल श्योराण को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

दिग्गज फुटबॉलर...

भी खेलों के प्रचार और विकास में योगदान दिया है।

पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार: खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करने और खेल प्रशिक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नियमित श्रेणी में एथलेटिक्स के लिए परवीर सिंह, मुक्केबाजी के लिए छोटे लाल यादव और निशानेबाजी के लिए नेहा नंदकुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं लाइफटाइम श्रेणी में मुक्केबाजी के प्रशिक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव और कुश्ती के प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। द्रोणाचार्य पुरस्कार उन प्रशिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने निरंतर उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्य के माध्यम से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया है।

सेना के पैरालंपिक नोड को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार: खेलों को बढ़ावा देने और उनके विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सेना के पैरालंपिक नोड, पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार-2025 प्रदान किया गया। इस संस्था ने दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, सुविधाएं और प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पुरस्कार उन संस्थाओं, कंपनियों और गैर-सरकारी संगठनों को दिया जाता है, जिन्होने देश में खेलों के प्रोत्साहन और विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है।

चार साहसिक खेल उपलब्धि हासिल करने वालों को तेनजिंग नोर्गे पुरस्कार : समारोह में राष्ट्रपति ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2024 भी प्रदान किए। इस वर्ष चार लोगों को साहसिक गतिविधियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए चुना गया था। इनमें पर्वतारोही बलजीत कौर और स्कालजांग रिगजिन को भूमि आधारित साहसिक गतिविधियों (लैंड एडवेंचर) के लिए सम्मानित किया गया। रीमो साहा को जल आधारित साहसिक गतिविधियों (वाटर एडवेंचर) के लिए तथा शिव प्रसाद चमोली को लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी में पुरस्कार दिया गया। तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार देश में साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने वाला प्रतिष्ठित सम्मान है। इसका उद्देश्य युवाओं में साहस, धैर्य, अनुशासन, जोखिम उठाने की क्षमता, टीम भावना और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की योग्यता विकसित करना है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को प्रशस्ति पत्र, प्रतिमा और 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाती है।

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का राष्ट्रीय मंच : राष्ट्रीय खेल पुरस्कार देश में खेल प्रतिभाओं को पहचान देने और खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। अर्जुन पुरस्कार जहां खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता, खेल भावना और अनुशासन को सम्मानित करता है, वहीं द्रोणाचार्य पुरस्कार खेलों के पीछे काम करने वाले प्रशिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करता है। इस वर्ष के पुरस्कारों में एथलेटिक्स, हॉकी, शतरंज, कबड्डी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, रोइंग और पैरा खेलों सहित विभिन्न विधाओं के खिलाड़ियों को स्थान मिला है।

CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

ONE MORE CHANCE
HARYANA SIR 2026

Your name missing from the Draft Electoral Roll?

If you were marked Absent, Shifted, Dead or Duplicate (ASDD), you can still get your name included in the Final Electoral Roll.

1 Check the list

ASDD lists shall be displayed afresh at Polling Stations, Panchayat Bhawans, ULB & BDO offices and on the CEO Haryana website.

2 Get your form

Your BLO will deliver your enumeration form either physically or by WhatsApp / SMS / e-mail. Or you can download and fill it on the website or the ECINET App by entering the same EPIC number that existed before your name was deleted.

3 Submit to your ERO / AERO / BLO

AT SAME ADDRESS
Enumeration Form + Annexure-B
Mention reason why you couldn't submit enumeration form earlier. Submit yourself, through family, or online on ECINET with e-sign.

SHIFTED WITHIN HARYANA
Enumeration Form + Annexure-C
Submit to the ERO / AERO of the Assembly Constituency where you have shifted. No Form-8 needed.

ALREADY SUBMITTED FORM-6
No need to apply again
Your Form-6 submitted during SIR will be processed.

✓ Same EPIC number that was assigned to you prior to SIR shall be re-assigned once your enumeration form is accepted.

⌂ Homeless? The BLO's field verification will be accepted as residence proof.

NEED HELP?
Voter Helpline 1950 • "Book a call with BLO" on ECINET App
Website ceoharyana.gov.in Facebook /ceoharyana Instagram @ceo.haryana
X @ceoharyana YouTube @ceo.haryana



'आवारा पागल दीवाना 2' की शूटिंग जल्द होगी शुरू

मुंबई। साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' का सीक्वल बनने जा रहा है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने फैंस को यह खुशखबरी दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा, 'फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, इस पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'मैंने बॉर्डर 2 में भी काम किया है। मैं उसमें सिर्फ एक सीन में था, लेकिन मैं इसे एक सफलता मानता हूं क्योंकि आखिरकार यह हमारी फ्रेंचाइज बन गई है। जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

लाइफ Style

श्रुति

अपनी पसंद छिपाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए

अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी फिल्मों के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी और पसंद-नापसंद पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब पीने की आदत को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिनकी चर्चा हो रही है।

एजेंसी : नई दिल्ली

अभिनेत्री ने साफ कहा कि उन्हें अपने कॉस्मेटिक प्रोसीजर के बारे में छिपाने या झूठ बोलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। श्रुति ने ये बातें नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में बातचीत के दौरान साझा कीं। शो में बातचीत के दौरान श्रुति हासन ने कॉस्मेटिक प्रोसीजर को लेकर अपनी सोच स्पष्ट की। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में फैसले लेने की पूरी आजादी होनी चाहिए। अगर कोई अपनी पसंद से कॉस्मेटिक सर्जरी या किसी दूसरे प्रोसीजर का सहारा लेता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। हालांकि, उन्हें यह समझ नहीं आता कि लोग इसके बारे में सच बताने से क्यों बचते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं इन चीजों के बारे में बहुत सोच-समझकर बात करती हूं, लेकिन मैं लोगों के सामने बड़ी हुई हूं और ऐसे में इस बारे में झूठ बोलना बेवकूफी होगी।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग अपने लुक में बदलाव के बावजूद दावा करते हैं कि वे हमेशा से ऐसे ही दिखते थे। श्रुति के मुताबिक जब बदलाव साफ नजर आ रहा हो तो इस तरह की बातें करना अजीब लगता है।



हॉलीवुड मसाला



फ्रेंच फिल्म अकादमी देगी 'मानद सीजर अवार्ड'

लॉस एंजिल्स। फ्रेंच अकादमी ने गुरुवार को घोषणा की कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन को 52वें सीजर अवार्ड समारोह में 'मानद सीजर अवार्ड' दिया जाएगा। फ्रेंच अकादमी ने बताया कि 'बिग लिटिल लाइज' की अभिनेत्री को यह सम्मान 25 फरवरी, 2027 को होने वाले समारोह में दिया जाएगा। फ्रांस की राष्ट्रीय फिल्म अकादमी की तरफ से सिनेमा जगत में आजीवन उपलब्धियों और योगदान के लिए दिया जाने वाला एक मशहूर अवॉर्ड है।



मैदान के बाद अब पर्दे पर दिखेंगे फुटबॉलर

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपना लोहा मनवा चुके पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब एक नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। फुटबॉल के मैदान पर अपने शानदार खेल से करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले रोनाल्डो अब टीवी की दुनिया में भी नजर आएंगे। उन्होंने अपनी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि इस सीरीज में फुटबॉल की भी अहम भूमिका होगी। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रिटिश प्रोड्यूसर और डायरेक्टर मैथ्यू वॉन के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि खुशखबरी! मेरी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' की शूटिंग शुरू हो गई है।



स्केरी पिक्चर का पहला लुक आया सामने

मुंबई। अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती ने आगामी हॉरर फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का पहला लुक सामने आया है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म हॉरर कहानी पर आधारित होगी। फिल्म 'स्केरी पिक्चर' पर राणा दग्गुबाती ने एक बातचीत में कहा, 'स्केरी पिक्चर से शुरू करते हुए, हमारा लक्ष्य इस शैली से प्यार करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए निरंतर निर्माण सहायता और रिलीज के अवसर उपलब्ध कराना है। भारत हर शैली में विविधतापूर्ण है, और हॉरर भी इससे अलग नहीं है। हर क्षेत्र के अपने भय, अपनी कहानियां और उन्हें बताने के अपने तरीके हैं। हम हर उपशैली के लिए खुले हैं। मनोवैज्ञानिक, जीव-जंतु, हॉरर-कॉमेडी, सामाजिक हॉरर, या फिल्म निर्माता हमारे सामने जो भी नई कहानियां लेकर आएं।'फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का निर्देशन रवि बाबू ने किया है।



कोमल ने शेयर कीं गोविंदा संग तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा पिछले काफी समय से अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता आहूजा के साथ उनके रिश्ते और फिल्म 'रूपा' की को-स्टार कोमल रानी स्वर्णकार के साथ उनकी नजदीकियों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब रानी ने सोशल मीडिया पर गोविंदा के साथ 'रूपा' की कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों की नजदीकियां एक बार फिर लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इन तस्वीरों में कहीं गोविंदा अभिनेत्री का हाथ थामे नजर आ रहे हैं, तो किसी में वह एक-दूसरे को देखते हुए पोज दे रहे हैं। रानी स्वर्णकार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रूपा की सुंदर झलकियां।' बता दें कि तस्वीरों में गोविंदा व्हाइट ब्लेजर, काली पैंट और सनग्लासेस पहने नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



बिग बी ने की 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते हैं, 'उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच।' इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।'

आम्रपाली ने लव को जमकर फटकारा



नई दिल्ली। बीते दिनों 'बिग बॉस 20' में स्कॉउट ओपी और यंग डीएसए के बीच तगड़ा विवाद हुआ। इसके बाद लव गिल से किया मजाक स्काउट पर भारी पड़ा। इससे ओपी काफी आहत हैं। गेमर की यह हालत देखकर आम्रपाली दुबे और डीएसए ने लव पर कई आरोप लगाए, जिससे लव और आम्रापाली के बीच तीखी बहस हुई। 'बिग बॉस 20' के हालिया प्रोमो में स्कॉउट ओपी ने लव से हुए विवाद के बाद अपने सिर के बाद शेव कर दिए थे। इसके साथ ही वह भावनात्मक रूप से काफी टूट गए। उनकी यह हालत देख आम्रपाली दुबे और डीएसए ने इस सब का जिम्मेदार लव गिल को ठहराया। आम्रपाली ने लव से कहा कि वह स्काउट ओपी को पागल कर देंगी।

छठी मईया सुन ली से उठऊ सूरज देव तक, इन गानों के बिना अधूरा है छठ पर्व

नई दिल्ली। बिहार के साथ अब लगभग पूरे देश में छठ पूजा की जाती है। इस पावन अवसर पर हर तरफ छठी मैया के गाने गूंजते हैं। इस पर्व की अहमियत को देखते हुए बॉलीवुड ने भी गाने बनाने शुरू कर दिए हैं। हाल ही में दो फिल्मों में इसके गाने आए हैं।



बुलाए छठी मां- ये प्रेम मोल लिया

इस गाने में छठ पर्व के शानदार विजुअल दिखाए गए हैं। इसे आयुष्मा खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया है। इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। गाने को श्रेया घोषाल और केशव आनंद ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है। इसे हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है।

छठ मईया की महिमा- द वन

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया यह गाना काफी लोकप्रिय हुआ। इसमें छठ पूजा की छलक मिलती है। गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं। इसे विशाल मिश्रा ने आवाज दी है।

पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया बरत तुहार

शारदा सिन्हा छठ के गानों के लिए काफी मशहूर हैं। यह गाना उन्होंने ही गाना है। गाने में एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई गई है।

बाल दिवस सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट हैं बॉलीवुड के ये मशहूर गाने

नई दिल्ली। छोटा बच्चा जान के न कोई आंख दिखाना रे से लेकर लकड़ी की काठी तक ऐसे कई गाने हैं, जिन्हें सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।

नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है: साल 1954 में आयी फिल्म 'बूट पॉलिश' के इस गाने को आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने गाया है। जो एक भाई-बहन के संघर्ष और उसके बाद मिली खुशियों पर आधारित है। बाल दिवस के मौके पर इस गाने को स्कूल, कॉलेज में जरूर प्ले किया जाता है।

लकड़ी की काठी : बहुत ही मशहूर गाना है लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा, जो 1983 में आई 'मासूम' फिल्म का गाना है। जिसमें



उर्मिला मातोंडकर और जुगल हंसराज बाल किरदार में हैं। इस गाने को गौरी बापत, गुरप्रीत कौर और वनिता मिश्रा ने गाया है। आज भी ये गाना बच्चों के पसंदीदा गानों में से एक है।

जिद्दी पिद्दी : बच्चे एक होकर क्या नहीं कर सकते, इस गाने में यही दिखाया गया है। बहुत ही एंटरटेनिंग और इंस्पायरिंग मूवी थी ये। इस गाने में बच्चे अंडरवियर पहनकर एक मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं जो उनके सोसायटी के पालतू कुत्ते को मारना चाहता है। जिसमें अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, तन्मय चौधरी, गौरिका राय ने अपनी आवाज दी है।

तारे जमीन पर: बच्चों पर आधारित बहुत ही खूबसूरत फिल्म है जिसमें आमिर खान लीड एक्टर थे। साल 2008 में आई इस फिल्म की टैग लाइन ही थी कि हर एक बच्चा खास होता है। शंकर महादेवन की आवाज में बहुत ही खूबसूरत गाना है तारे जमीन पर।

सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि देती है सीख भी

वो छह फिल्में जो बच्चों को सिखाती हैं जीवन का पाठ

नई दिल्ली। आज देशभर में बाल दिवस मनाया जा रहा है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हर कोई अलग-अलग अंदाज में इस खास दिन को सेलिब्रेट कर रहा है। मगर, सिनेमा का अपना अलग रंग होता है। यह सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि आसपास के परिवेश की सीख भी यहां से मिलती है। यूं भी बच्चे देखकर बेहतर तरीके से समझते हैं। अगर आज के दिन बच्चों को कोई फिल्म दिखाने के बारे में सोच रहे हैं, तो ये फिल्में बेहतर विकल्प हो सकती हैं।

मासूम

वर्ष 1983 में आई यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई। यह बच्चों से संबंधित भावुक कर देने वाले विषय पर आधारित है। यह गोद लिए बच्चों की समस्याओं पर बनी है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, सुप्रिया पाठक और जुगल हंसराज मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का मशहूर गाना 'लकड़ी की काठी' आज भी बच्चों को काफी पसंद आता है।

तारे जमीं पर

वर्ष 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि पेरेंट्स को भी जरूर देखनी चाहिए। अगर आपने अब तक न देखी हो तो आज अपने बच्चों के साथ बैठकर इस फिल्म को देख सकते हैं। आमिर खान अभिनीत इस फिल्म में दिखाया गया है कि हर बच्चा अपने आप में खास है। फिल्म के कुछ दृश्य आपको भावुक कर देंगे और आखिर में एक सीख देंगे।



आई एम कलाम

नीला माधब पांडा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भी दर्शकों की खूब तारीफ बटोरी। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम दर्ज कर चुकी है। बच्चों को प्रेरित करने के लिहाज से यह एक बेहतरीन फिल्म है। 2011 में आई इस फिल्म में ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़-लिखकर अपने परिवार के काम आना चाहता है।

स्टैनली का डब्बा

2011 में आई अमोल गुप्ते द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी आपका मनोरंजन करने के साथ आपकी आंखें भी नम करेगी। यह फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो हमेशा अपने दोस्त का टिफिन खाता है, लेकिन कभी भी अपने लिए लंच नहीं लाता। आपका बच्चा तो इस फिल्म से खुद को जोड़ ही पाएगा, साथ ही आपको भी अपने पुराने दिनों की याद आ जाएगी।

फ्रोजेन

वर्ष 2013 में आई यह एक कार्टून मूवी है। यह फिल्म एल्सा और ऐना, दो बहनों पर आधारित है। वर्ष 2019 में आया इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'फ्रोजेन 2' भी काफी दिलचस्प है। फिल्म में एल्सा की आवाज प्रियंका चोपड़ा ने दी है और ऐना की आवाज परिणीति चोपड़ा ने दी है।



चिल्लर पार्टी

बच्चों पर आधारित यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। नितेश तिवारी और विकास बहल ने मिलकर इसका निर्देशन किया। फिल्म में अनाथ बच्चों के एक ग्रुप को दिखाया गया है, जो अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। अगर आपको यह साबित करना है कि बच्चे किसी से कम नहीं होते तो आपको अपने बच्चे को यह फिल्म जरूर दिखानी चाहिए।

मतदाता सूची का हुआ प्रारूप प्रकाशन, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

» 127 नए मतदान केंद्र बने, 21 विलोपित - युक्तियुक्तकरण के बाद बढ़ी संख्या

» 1 जनवरी 2027 को 18 साल पूरे करने वाले युवा कराएं नाम दर्ज, प्रक्रिया नि:शुल्क

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मप्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत आज 12 नवंबर को प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप फोटो निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया गया। प्रारूप मतदाता सूची निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की वेबसाइट ceo-election.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है।



राजनीतिक दलों को दी गई सूची की सॉफ्ट कॉपी

इस संबंध में राज्य एवं जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैठक में आम आदमी पार्टी से राघव पटेल, बहुजन समाज पार्टी से एडवोकेट सुधीर उबनारे, भारतीय जनता पार्टी से एसएस उप्पल तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जेपी धनोपिया एवं ललित सेन उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों को फोटो रहित निर्वाचक नामावली की सॉफ्ट कॉपी हार्ड डिस्क के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। साथ ही पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार को मुद्दों पर घेरा

25 लाख नौकरियों का वादा भूले भगवंत मान, अब 60 हजार पर सिमटे आंकड़े

सीएम नायब ने होशियारपुर और जालंधर में जनसभाओं को संबोधित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में सत्ता में रही सरकारों ने बड़े-बड़े वादे तो किए, लेकिन प्रदेश को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेलने के अलावा कुछ नहीं किया। भगवंत मान ने विधानसभा चुनाव के दौरान पंजाब के 25 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन अभी कुछ रोज पहले सोशल मीडिया पर भगवंत मान का एक वीडियो देखा, जिसमें वो कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने 60 हजार नौकरियां दी। पंजाब सरकार स्पष्ट करे कि 25 लाख नौकरियों के वादे का क्या हुआ और श्वेत पत्र जारी करके पंजाब के युवाओं को ये बताएं कि अब तक कितने युवाओं को वास्तव में रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के होशियारपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती में किया घोटाला

मुख्यमंत्री ने पंजाब की एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग तीन महीने पहले हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों में भर्ती परीक्षा के परिणाम आए थे। हरियाणा में परिणाम जारी होने के बाद उन्होंने पुनहाना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक रैली में मंच से बताया था कि इस क्षेत्र के 29 युवाओं का चयन हुआ है। उन्होंने वहां उपस्थित हजारों लोगों के सामने पूछा था कि यदि कोई यह कह दे कि उसने किसी विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री की सिफारिश लगवाई है अथवा नौकरी पाने के लिए किसी को पांच पैसे भी दिए हैं, तो वे बताएं। यही हरियाणा सरकार की पारदर्शी भर्ती व्यवस्था है, जहां गरीब परिवारों के बच्चे अपनी मेहनत और योग्यता के आधार पर सरकारी पदों पर चयनित हो रहे हैं। इसके विपरीत पंजाब में एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती के परिणाम को लेकर गंभीर सवाल सामने आए। यहां तक कि दो अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर एक ही समय में पेपर आयोजित होने के बावजूद दोनों केंद्रों से चयन होने की बात भी विचारणीय है।



नशे के सौदागरों का सफाया करेंगे

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि फरवरी में होने वाले पंजाब के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां के नशा कारोबारी या तो यह काम छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे। पंजाब और हरियाणा में नशे के सौदागर नहीं रहने दिए जाएंगे। पंजाब के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार पंजाब में चुटकुलों वाली नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी की विकास वाली सरकार बनाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह बात शुक्रवार को पंजाब के जालंधर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि छह महीने में नशा खत्म कर दिया जाएगा लेकिन यहां हर दिन नशे की दलदल बढ़ती गई जिसमें यहां की युवा पीढ़ी धंसती चली गई लेकिन सरकार के पास नशा खत्म करने के लिए न तो कोई नीति है और न ही नीयत है।

पारिवारिक विवाद में पुलिस से मामला खत्म कराने का झांसा दिया

पुरानी दोस्त से 1,88,000 रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में ठगी का अनोखा मामला सामने आया है। खुद को सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता और राजस्थान कैडर की चयनित सिविल जज बताकर पुरानी दोस्त से 1.88 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। आरोपी पूजा सिंह उर्फ मीठी सिंह ने पीड़िता के भाई के पारिवारिक विवाद में पुलिस से मामला खत्म कराने और कानूनी राहत दिलाने का भरोसा दिया था। इसके लिए पुलिस अधिकारी और बड़े वकील को पैसे देने की बात कहकर अलग-अलग किस्तों में रकम ली गई। बाद में काम नहीं होने और दावों पर संदेह होने पर पीड़िता ने पैसे वापस मांगे तो गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप है। खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

स्कूल की दोस्ती को बनाया निशाना

शिकायतकर्ता आरजू शर्मा (24) निजी शिक्षिका हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पूजा से उनकी पहचान स्कूल के समय से थी। दोनों डैजल पब्लिक स्कूल में साथ पढ़ती थीं और बाद में इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क बना रहा। अप्रैल 2025 में पूजा ने इंटरनेट मीडिया पर काले कोट में तस्वीरें साझा कर खुद को सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता बताया। बाद में राजस्थान कैडर में सिविल जज के पद पर चयन होने और प्रशिक्षण लेने का दावा भी किया। आरजू के भाई की शादी के बाद पारिवारिक विवाद हुआ और उनकी भाभी ने परिवार के खिलाफ शिकायत की थी। इसी मामले में मदद मांगने पर पूजा ने पुलिस अधिकारियों और मजिस्ट्रेटों से संपर्क होने का भरोसा दिया। रायपुर आने के नाम पर पांच हजार रुपए लिए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमानत उल्ला खान से मुलाकात कराई और उनके माध्यम से केस संभालने की बात कही।

अवैध सूदखोरी पर आरोपी से 48 ब्लैंक स्टाम्प, 24 पासबुक बरामद

महासमुंद। गरीब और जरूरतमंद लोगों को कर्ज देकर उनसे हस्ताक्षरयुक्त खाली चेक, बैंक पासबुक और जमीन के दस्तावेज लेकर अवैध रूप से वसूली करने के मामले में बसना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले के आरोपी कुलदीप सिंह छाबड़ा (53) को रायपुर के मोवा स्थित उसके निवास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 160 हस्ताक्षरयुक्त ब्लैंक चेक, 48 ब्लैंक स्टांप पेपर, 27 एटीएम, डेबिट व क्रेडिट कार्ड, 24 बैंक पासबुक, जमीन और ऋण संबंधी नौ दस्तावेज, दो ब्याज के हिसाब वाली डायरियां तथा 1.20 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं।

एकलव्य विद्यालय मंडला सहित मध्यप्रदेश जनजातीय विभाग सम्मानित हुए

राष्ट्रपति मुर्मू ने उत्कृष्ट कार्यों पर विद्यालयों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य विभाग तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति एमपी सरस गुलशन बामरा द्वारा ग्रहण किया गया। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्थागत विकास में बहुमूल्य योगदान में उत्कृष्टता के लिए मध्यप्रदेश स्पेशल एंड रेजिडेंशियल ऐकडेमिक सोसाइटी (एमपी सरस) को यह पुरस्कार दिया गया।



राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सम्मान ग्रहण करते जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी और मंडला एकलव्य विद्यालय के प्रतिनिधि।

जनजातीय गौरव पखवाड़ा में हुआ सम्मान समारोह

कार्यक्रम में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुयाल उराम और राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, सचिव केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय श्रीमती रंजना चोपड़ा, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के शिक्षकगण एवं मेधावी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित किया गया था। यह पखवाड़ा प्रत्येक वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है ।

ये रहे मौजूद

राष्ट्रपति ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला को राष्ट्र स्तर पर उत्कृष्ट एकलव्य विद्यालय के लिए चयन किया गया। यह सम्मान श्री राहुल नामदेव धोटे अध्यक्ष एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला एवं कलेक्टर जिला मंडला तथा रीना प्राचार्य एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंडला द्वारा भी ग्रहण किया गया।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली वंदे भारत	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली वंदे भारत	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
02435	पटना जं. वंदे भारत	08:00	नई दिल्ली	21:30	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
06598	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	यशवंतपुर जं.	19:45	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
04512	चंडीगढ़ जं.	23:35	पटना जं.	21:15	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04511	पटना जं.	23:15	चंडीगढ़ जं.	21:40		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04616	फिरोजपुर कैंट जं.	12:00	पटना जं.	18:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
04615	पटना जं.	20:20	फिरोजपुर कैंट जं.	23:55		बुधवार	25.11.2026 तक
04228	नई दिल्ली	18:00	वाराणसी	09:00	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
04028	आनंद विहार(टर्मि.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	सप्ताह में 2 दिन	मंगलवार, शुक्रवार	24.11.2026 तक
04027	मुजफ्फरपुर जं.	06:15	आनंद विहार(टर्मि.)	05:30		बुधवार, शनिवार	25.11.2026 तक
04010	दिल्ली जं.	23:05	सीतामढ़ी जं.	23:30	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04009	सीतामढ़ी जं.	00:45	दिल्ली जं.	20:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04014	आनंद विहार(टर्मि.) वाया लखनऊ (एनआर)	15:40	लौकहा बाजार	20:15	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04013	लौकहा बाजार	22:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:40			30.11.2026 तक
04314	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जं.	11:45	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04313	मुजफ्फरपुर जं.	13:15	योग नगरी ऋषिकेश	11:15		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04096	आनंद विहार(टर्मि.)	00:05	पाटलिपुत्र जं.	23:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	29.11.2026 तक
04095	पाटलिपुत्र जं.	00:45	आनंद विहार(टर्मि.)	21:30		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल	06:35	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	28.11.2026 तक
04071	सुपौल	07:45	नई दिल्ली	15:00		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04052	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा जं.	23:40	सप्ताह में 3 दिन	शुक्र, रवि, मंगल	29.11.2026 तक
04051	हावड़ा जं.	01:40	नई दिल्ली	08:20		रवि, मंगल, गुरु	01.12.2026 तक
04062	आनंद विहार(टर्मि.)	12:00	भागलपुर जं.	13:30	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	27.11.2026 तक
04061	भागलपुर जं.	16:30	आनंद विहार(टर्मि.)	20:00		गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04312	योग नगरी ऋषिकेश	22:20	कोलकाता	08:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	20.11.2026 तक
04311	कोलकाता	13:55	योग नगरी ऋषिकेश	23:30		रविवार	22.11.2026 तक
04624	अमृतसर जं.	20:10	कोलकाता	15:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
04623	कोलकाता	04:45	अमृतसर जं.	21:05		शनिवार	28.11.2026 तक
04668	अमृतसर जं.	20:10	बरौनी जं.	02:10	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04667	बरौनी जं.	05:05	अमृतसर जं.	13:50		मंगलवार	01.12.2026 तक
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर जं.	15:00	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, बुधवार	27.11.2026 तक
04089	दानापुर जं.	16:40	नई दिल्ली	09:45		शनिवार, गुरुवार	28.11.2026 तक
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	सप्ताह में 6 दिन	मंगलवार को छोड़कर	29.11.2026 तक
04097	दरभंगा जं.	14:00	शकूर बस्ती	18:00		बुधवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामाख्या जं.	21:15	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
04075	कामाख्या जं.	05:00	दिल्ली जं.	20:40		सोमवार	30.11.2026 तक
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	सप्ताह में 6 दिन	शनिवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04063	गया जं.	09:15	दिल्ली जं.	08:00		रविवार को छोड़कर	01.12.2026 तक
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04087	पटना जं.	15:10	नई दिल्ली	13:30			01.12.2026 तक
04634	फिरोजपुर छावनी	17:30	पूर्णिया जं.	03:00	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04633	पूर्णिया जं.	06:00	फिरोजपुर छावनी	16:35		शनिवार	28.11.2026 तक
04652	अमृतसर जं. वाया लखनऊ (एनआर)	10:55	जयनगर	20:00	सप्ताह में 3 दिन	बुध, शुक्र, रविवार	29.11.2026 तक
04651	जयनगर	04:15	अमृतसर जं.	15:00		शुक्र, रवि, मंगल	01.12.2026 तक
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	तिथिवार	शनि, रवि, सोम	14 से 16.11.2026
04405	मानसी जं.	04:30	शकूर बस्ती	11:30		शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध	14 से 18.11.2026
04638	अमृतसर जं.	19:40	छपरा जं.	20:45	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04637	छपरा जं.	22:15	अमृतसर जं.	00:20		मंगलवार	01.12.2026 तक
04640	छेहरटा	08:35	मुजफ्फरपुर जं.	13:10	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04639	मुजफ्फरपुर जं.	16:00	छेहरटा	21:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
04403	पटना जं.	15:40	शकूर बस्ती	15:00		शनिवार एवं रविवार	14 एवं 15.11.2026
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
04409	झंझारपुर जं.	18:15	शकूर बस्ती	01:40		शनिवार एवं रविवार	14 एवं 15.11.2026
04536	चंडीगढ़ जं.	23:45	बरौनी जं.	00:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
04535	बरौनी जं.	02:35	चंडीगढ़ जं.	03:35		रविवार	29.11.2026 तक
04021	गोरखपुर जं. वाया लखनऊ(एनआर)	07:00	नई दिल्ली	23:10	साप्ताहिक	शनिवार	14.11.2026
04058	आनन्द विहार(टर्मि.)	00:20	छपरा	19:20	तिथिवार	मंगलवार	17.11.2026
04057	छपरा	22:10	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20			
04054	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा	23:40	तिथिवार	शनि, सोम, बुध	14, 16 एवं 18.11.2026
04053	हावड़ा	01:40	नई दिल्ली	08:20		शनि, सोम, बुध, शुक्र	14,16, 18 एवं 20.11.26
04530	सरहिन्द	11:25	सहरसा जं.	17:00	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
04529	सहरसा जं.	19:15	सरहिन्द	22:20		रविवार	15.11.2026
04335	मुजफ्फरपुर	20:40	देहरादून	01:40	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
04067	पटना जं.	18:00	नई दिल्ली	14:00	तिथिवार	शनिवार	14.11.2026
04079	दरभंगा जं.	04:00	नई दिल्ली	07:50	तिथिवार	शनिवार, रविवार	14 एवं 15.11.2026
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में 4 दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल	15:00	नई दिल्ली	20:20			
04209	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या छावनी वाया लखनऊ (एनआर)	18:20	आनंद विहार(टर्मि.)	06:10	सप्ताह में 2 दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार(टर्मि.)	09:00	अयोध्या छावनी	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:15	वाराणसी जं.	18:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04603	वाराणसी जं.	04:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	04:40		मंगलवार	01.12.2026 तक
04610	जम्मू तवी वाया लखनऊ (एनआर)	05:15	वाराणसी जं.	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04609	वाराणसी जं.	09:00	जम्मू तवी	08:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04221	वाराणसी जं.	20:40	बठिण्डा जं.	17:00	साप्ताहिक	रविवार	22.11.2026 तक
04222	बठिण्डा जं.	20:50	वाराणसी जं.	17:30		सोमवार	23.11.2026 तक
04201	वाराणसी जं.	16:20	अयोध्या धाम जं.	21:40	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु,शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04202	अयोध्या धाम जं.	22:20	वाराणसी जं.	04:00			
04002	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:45	दादर	22:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
04001	दादर	00:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:35		गुरुवार	26.11.2026 तक
02309	राजेन्द्र नगर (ट.)	20:10	नई दिल्ली	15:00	सप्ताह में 3 दिन	बुध, शुक्र एवं रवि	20.11.2026 तक
02310	नई दिल्ली	19:00	राजेन्द्र नगर (ट.)	14:00		गुरु, शनि एवं सोम	21.11.2026 तक
05736	कटिहार जं.	21:00	अमृतसर	09:45	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05735	अमृतसर	13:25	कटिहार जं.	23:45		शुक्रवार	27.11.2026 तक
02563	बरौनी जं.	07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10			01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00			01.12.2026 तक
05579	पूर्णियाँ कोर्ट	16:30	आनन्द विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनन्द विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णियाँ कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा जं.	20:00	आनन्द विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनन्द विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	गया जं.	14:15	आनन्द विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनन्द विहार टर्मिनल	13:30	गया जं.	11:15		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.	18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में 2 दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45		मंगलवार, शनिवार	01.12.2026 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनन्द विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनन्द विहार टर्मिनल	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.	14:00	पठानकोट जं.	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट जं.	00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

चिंतन

अच्छी सड़कों के बाद अब हादसों पर लगाम जरूरी

सड़कों का विकास किसी भी देश की आर्थिक प्रगति और आधुनिक बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण पैमाना है। बेहतर सड़कें आवागमन आसान बनाती हैं, समय और ईंधन बचाती हैं तथा कारोबार को गति देती हैं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ तभी है, जब सफर सुरक्षित भी हो। देश में एक्सप्रेसवे, हाइवे और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाने के साथ अब सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाना भी उतना ही जरूरी हो गया है। असम के काजीरंगा में मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने टक्कर में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत इसी गंभीर चुनौती की याद दिलाती है। इस हादसे में करीब 23 लोगों की मौत हो गई है, लेकिन यह तथ्य चिंताजनक है कि दुर्घटनाग्रस्त मिनी बस के पहले ही 12 चालान कट चुके थे। सवाल है कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाला वाहन सड़कों पर बेखौफ कैसे दौड़ता रहा? केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़े देश में सड़क सुरक्षा की भयावह तस्वीर पेश करते हैं। संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में देश में 5,13,563 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,83,382 लोगों की जान चली गई। यानी हर दिन औसतन 500 से अधिक लोग सड़क हादसों में दम तोड़ रहे हैं। हर साल 4.71 लाख से अधिक लोगों का घायल होना भी बताता है कि सड़क दुर्घटनाएं कितने बड़े सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले चुकी हैं। इन हादसों के पीछे सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार है। आंकड़ों के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में करीब 70.3 प्रतिशत हिस्सेदारी ओवरस्पीड की है। गलत दिशा में वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और हेलमेट या सीटबेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना भी जानलेवा साबित हो रहा है। हादसों में मरने वालों में 66 प्रतिशत से अधिक युवा हैं। दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों में 46.2 प्रतिशत हिस्सेदारी दोपहिया वाहन चालकों की है। स्पष्ट है कि सड़क पर सबसे ज्यादा जोखिम उन लोगों को उठाना पड़ रहा है, जिनके पास सुरक्षा के साधन भी सीमित हैं। सड़क सुरक्षा की समस्या का समाधान केवल नए हाइवे बनाने या दुर्घटना के बाद मुआवजा देने से नहीं होगा। इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित करने, वाहनों के परमिट रद्द करने और उनकी फिटनेस की अनिवार्य जांच जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए कैमरों, स्पीड गन और तकनीक आधारित निगरानी का दायरा बढ़ाना होगा। इसके साथ ही सड़क इंजीनियरिंग की खामियों को दूर करना, ब्लैक स्पॉट चिह्नित करना, पर्याप्त संकेतक लगाना और दोपहिया चालकों के लिए सुरक्षित लेन जैसी व्यवस्थाएं भी जरूरी हैं। दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस, प्रशिक्षित बचाव दल और ट्रॉमा सेंटर की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। सड़क सुरक्षा केवल सरकार या यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल, निर्धारित गति सीमा का पालन और नशे में वाहन न चलाने जैसी सावधानियां जीवन बचा सकती हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सड़क सुरक्षा को जागरूकता अभियान तक सीमित रखने के बजाय व्यवहार का हिस्सा बनाने की जरूरत है। विकसित भारत का सपना तभी सार्थक होगा, जब सड़कें केवल तेज रफ्तार और सुविधाजनक सफर का माध्यम नहीं, बल्कि सुरक्षित यात्रा की गारंटी भी बनें।



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

पिछले कुछ महीनों में विश्व राजनीति के समीकरण तेजी से बदले हैं। इनमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और दुनिया के लिए विश्वसनीय बन रही है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या आने वाले वक्त में भारत की वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा पूरी हो पाएगी, ऐसे में जब देश के सामने आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक चुनौतियों का भी प्रभावी समाधान करने की चुनौती होगी? भारत के लिए आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब सयुंक्त राष्ट्र संघ में भारत के वीटो पावर के अधिकार के लिए कुछ देशों को छोड़, भारत के लिए स्थायी सदस्यता पर सहमति बनी है। यही नहीं, चीन और अमेरिका ने भी भारत को स्थायी सदस्यता देने में कोई रोड़ा खड़ा नहीं किया है। दुनिया इस समय ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जिनमें पुरानी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की सीमाएं स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका-चीन के बीच राजनीतिक स्पर्धा, वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद और तकनीकी वर्चस्व की होड़ ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को जटिल बना दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित वैश्विक संस्थाएं भी बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने में कठिनाई महसूस कर रही हैं। ऐसे समय में भारत के सामने अवसर भी हैं और जिम्मेदारियां भी। सवाल महज यह नहीं है कि भारत विश्व की प्रमुख तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा कि नहीं, बल्कि यह भी है कि वह अंतरराष्ट्रीय निर्णय प्रक्रिया को अधिक महत्वपूर्ण और न्यायपूर्ण संतुलित बनाने में प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? पिछले दस सालों में भारत जिस तरह से दुनिया के लिए विश्वसनीय देश बनकर उभरा है, उसमें वैश्विक भूमिका निभाने के अवसर अब साफ-साफ दिखाई देने लगे हैं। पिछले दिनों घटनाक्रमों के वैश्विक घटनाक्रम पर नजर दौड़ाएं तो साफ दिखाई दे रहा है कि भारत की भूमिका दुनिया में सबसे सशक्त और निष्पक्ष बात करने वाले देश के रूप में हर मंच पर स्वीकार की जा रही है। वह चाहे ब्रिक्स हो, संयुक्त राष्ट्र संघ हो या अन्य कोई संस्था हो। भारत ने वैश्विक मंच पर जिस तरह से एक जिम्मेदार और सबको साथ लेकर चलने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है, उससे दुनिया के देश भारत को एक नेतृत्वकर्ता शक्ति सम्पन्न देश के रूप में सम्मान देने लगे हैं। यही वजह है अमेरिका, चीन, सऊदी अरब जैसे देश भारत के बढ़ते प्रभाव से बेचैन दिखते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को विश्व के अधिकांश देशों का समर्थन यह बताता है कि भारत वह भारत नहीं रहा जो तीन-चार दशक पहले था। आज भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति अभियानों में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता होने के कारण दुनिया बेहद आशापूर्ण नजरों से देख रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत के सामने आंतरिक चुनौतियां कम नहीं है। ये चुनौतियां ऐसी हैं जिसका समाधान जमीनी स्तर पर नहीं किया गया तो कई और बेहद गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। यानी सरकार के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक वैश्विक मंच पर अपनी बेहतर भूमिका और जिम्मेदारी के तहत अपनी छवि को बरकरार रखना और दूसरी देशविरोधी



ताकतों को उभरने से रोकना और विकास दर को लगातार बढ़ाते रहना व साम्प्रदायिक सद्भाव को हर कीमत पर बनाए रखना। सितंबर 2026 में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्कता की चर्चा को केंद्र में रखा। भारत के लिए ब्रिक्स महज आर्थिक मदद का मंच नहीं, बल्कि विकासशील देशों की समस्याओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का बेहतरीन अवसर भी है। खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, विकास वित्त और तकनीकी असमानता ऐसे विषय हैं, जिन पर भारत प्रभावी ढंग से पहल कर सकता है। इसके माध्यम से पश्चिम एशिया के बढ़ते घटनाक्रम को किसी नकारात्मक परिणाम पर पहुंचने से रोकने की जो कवायदें की गईं, उससे ब्रिक्स की अहमियत सारी दुनिया ने अनुभव किया। भारत जिस तरह से ब्रिक्स के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से रखता रहा है, उससे साफ है कि सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर, वह चाहे जलवायु परिवर्तन हो या ग्रीन हाउस गैसों की कटौती का मामला हो, अमेरिका के दबाव में आने वाला नहीं है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की रणनीतिक स्वयत्तता खास महत्व रखती है। अमेरिका के साथ भारत के रक्षा, तकनीक और व्यापारिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। रूस के साथ ऐतिहासिक रक्षा सहयोग और ऊर्जा संबंध हैं। चीन के साथ सीमा विवाद तथा आर्थिक प्रतिस्पर्धा की परिस्थितियां हैं। यूरोपीय देशों के साथ निवेश और तकनीकी सहयोग की संभावनाएं हैं। वहीं पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों के हितों से जुड़ा हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में भारत की किसी एक शक्ति के प्रभाव में आए बिना अपने राष्ट्रीय हितों के बारे में निर्णय लेने होंगे। लेकिन वैश्विक प्रतिष्ठा का मूल्यांकन महज विदेश नीति से नहीं होता। देश की आंतरिक आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित करती है। भारत की अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, परिवहन, आंतरिक अनुसंधान और विनिर्माण के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। इसके बावजूद विकास का फायदा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना बहुत बड़ी चुनौती है। सरकार के सामने महंगाई और रोजगार के अलावा स्वास्थ्य ऐसे बड़े सवाल हैं जिनका सीधा संबंध आम आदमी से है। सितंबर 2026 में भारत की खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जबकि खाद्य महंगाई दर 7.74 प्रतिशत रही। अक्टूबर के लिए अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पहुंच गई। इसकी वजह खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों को प्रभावित करती है। इसलिए आर्थिक विकास के साथ महंगाई पर नियंत्रण और रोजमर्रा की वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसी तरह रोजगार के मोर्चे पर भी विकास की गुणवत्ता का सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। 10 नवंबर 2026 को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार बेरोजगारी दर में मामूली घटकर 5.1 दर्ज की गई। यदि हम देश के सामने चुनौतियों पर समग्र रूप से नजर डालें तो रोजगार में गिरावट, महंगाई दर में बढ़ोत्तरी, स्वास्थ्य सेवा-क्षेत्र में नकली दवाइयों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं और मौतों का बढ़ता आंकड़ा और जलवायु परिवर्तन की वजह से कृषि क्षेत्र में बढ़ती तमाम तरह की चुनौतियां, यह स्पष्ट करती हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों को और भी कारगर कदम उठाने होंगे जिससे आंतरिक चुनौतियों से निपटा जा सके। अभी केंद्र सरकार के सभी फैसले जनहित में रहे हैं, लेकिन और भी बेहतर करने की जरूरत है जिससे सब का साथ, सब का विश्वास, सब का प्रयास और सब का विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्पष्ट दिखाई दे।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

बाल दिवस विशेष
रोहित कौशिक



बचपन बचाने की सतही चिंता

बच्चे किसी भी समाज या राष्ट्र का भविष्य होते हैं। भारत वर्ष में बच्चों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हमारे देश का दुर्भाग्य यही है कि यहां बचपन बचाने की चिन्ता मात्र खोखले आदर्शवाद के दायरे में ही सिमट कर रह गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि व्यावसायिकता से परिपूर्ण एवं भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में सम्पूर्ण वर्ष हमें बच्चों का ख्याल ही नहीं आता है और बचपन बचाने की चिन्ता का यह पिटारा बाल-दिवस के आसपास खुलता है। इसके बाद समाज का बुद्धिजीवी वर्ग सक्रिय हो उठता है और उसे यह चिन्ता सताने लगती है कि आज बच्चों का बचपन कैसे बचाया जाए। यदि मात्र बाल दिवस पर परिचर्चाएं एवं गोष्ठियां आयोजित कर पूरे वर्ष चुप बैठने से ही इस प्रश्न का हल ढूंढा जा सकता तो अब तक बच्चों के बचपन पर छाई धुन्ध हट गई होती । यह विडंबनापूर्ण ही है कि आज बच्चों के बचपन पर छाई धुंध और गहराती जा रही है। आज एक ओर विभिन्न चैनलों द्वारा टीवी पर परोसी जा रही अश्लीलता से बच्चों का बचपन असुरक्षित होता जा रहा है तो वही हिंसापूर्ण फिल्में बाल भावनाओं को विकृत कर रही हैं। कहीं बस्तों के बोझ से बच्चों का बचपन दब गया है तो कहीं शिक्षा के अभाव में बच्चे दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। एक ओर बच्चे मानवीय अत्याचार से पीड़ित हैं तो दूसरी ओर पारिवारिक विघटन का असर बच्चों पर पड़ रहा है। आशानुरूप परिणाम न मिलने के कारण माता-पिता के डर से अनेक बच्चे आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते हैं। इस तरह की अनेक घटनाएं अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं। आज बच्चों के बचपन से सम्बन्धित ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गम्भीरता के साथ पुनर्विचार की आवश्यकता है। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सस्पेंस ,थ्रिलर, हॉरर शॉ और सोप ओपेरा देखने वाले बच्चे जटिल मनोवैज्ञानिक समस्याओं से प्रभावित हो जाते हैं। आज यह भी देखने में आ रहा है कि हम अक्सर बच्चों के मनोविज्ञान को समझे बिना अपनी इच्छाएं उन पर थोप देते हैं। ऐसे में बच्चे जिस अन्तर्द्वन्द्व की अवस्था से गुजरते हैं, वह अन्ततः अनेक समस्याओं को जन्म देता है। यदि बच्चों की इच्छाओं के समक्ष घुटने टेक दिए जाएंगे तो उनके और अधिक जिद्दी बनने और गलत रास्ते पर चलने की सम्भावना बढ़ जाएगी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम बच्चों की इच्छाओं को कोई महत्व ही न दें।

अमूमन होता यह है कि हम शुरू में बच्चे को बहुत अधिक प्यार करते हैं। ऐसे में माता-पिता से बच्चे की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। अपनी इन्हीं अपेक्षाओं के अनुरूप जब बच्चा अपनी इच्छाएं माता-पिता से बताता है तो वे उसे डांट-फटकार कर चुप कर देते हैं। माता-पिता का यह व्यवहार ही बच्चों को विद्रोही एवं चिड़चिड़ा बना देता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रारम्भ से ही बच्चों के साथ एक संतुलित रवैया अपनाएं। बच्चों को ठीक ढंग से समझने के लिए हमें अपने अंदर एक मनोवैज्ञानिक दृष्टि भी विकसित करनी होगी। हमें कोशिश करनी होगी कि हम बच्चों को विश्वास में ले सकें। अक्सर यह देखने में आया है कि माता-पिता स्वयं जिस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाते हैं वे उस लक्ष्य तक अपने बच्चों को पहुंचाने की कोशिश करते हैं। वे इस जुनून में यह भी परवाह नहीं करते कि वास्तव में बच्चे की अपनी इच्छा क्या है? वे यह भी जानने की कोशिश नहीं करते कि बच्चे में उस लक्ष्य तक पहुंचने की क्षमता है भी या नहीं। निश्चित रूप से बच्चे के उज्जवल भविष्य का स्वप्न देखना और उस स्वप्न को साकार करने का प्रयास करना गलत नहीं है, लेकिन यह सब यथार्थ के धरातल पर होना चाहिए। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-2 कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। बच्चों को आया या नौकर के सहारे छोड़ दिया जाता है। व्यावसायिकता के इस दौर में किड गार्डन संस्कृति भी खूब फल-फूल रही है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं लेकिन समस्या तब आती है, जब अत्यधिक व्यवस्ता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। कुछ मामलों में तो पति और पत्नी दोनों का काम पर जाना मजबूरी होती है लेकिन महानगरों में दोनों ही अपनी अलग-अलग जिन्दगी जीना चाहते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन-पोषण के लिए मात्र सुख-सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है, उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज हमने और अधिक पैसा कमाने की होड़ एवं आधुनिक बनने के चक्कर में मानवीय मूल्यों को भी तिलांजलि दे दी है। इस दौर में बचपन बचाने की सतही चिंता छोड़कर हमें पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर कुछ ठोस प्रयास करने होंगे।

असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझ्झव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। गुरु वशिष्ठ ने कहा कि भरत! तुम्हारे जीवन में तो धर्मसार है। भरत में यदि किंचित मात्र भी मैं होता तो वे लोक, वेद, राजनीत या साधुनीति में से किसी एक का खंडन अपने स्वाभिमान के नाम पर अपनी स्थापना कर देते।

ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

अंतर्मन



आज की पाती

इस बार भी मनाई गई धुएं वाली दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया गया। दीपावली के त्योहार पर हर बार अपील होती है कि इसे इस तरह मनाया जाए कि प्रदूषण न फैले और अग्निकांड भी न हों। परंतु हर बार की तरह इस बार भी धुएं वाली दिवाली मनाई गई और लोगों ने खूब पटाखे फोड़े। आश्चर्य की बात तो यह है कि रात दो बजे भी पटाखे चलते सुने गए। अब दिवाली खत्म हो गई है, परंतु पटाखे अब भी चल रहे हैं। दिल्ली सहित हर प्रदेश में खूब प्रदूषण फैला। वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार हर शहर और कस्बे को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ी। स्वच्छ हवा में सांस लेना तक मुश्किल हो गया। आग की घटनाएं भी इस बार पहले की अपेक्षा बढ़ गईं।
- प्रदीप शर्मा, कांकेर

ट्रेंड

टीबी से मौतों में कमी



टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उत्साहजनक परिणाम दिखा रही है! डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2026' भारत की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाती है। 2015 के बाद से टीबी से होने वाली मौतों में 38% की कमी आई है, जो 35% की वैश्विक गिरावट से बेहतर है।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

केंद्र सरकार की आदत



केंद्र सरकार की आदत बन गई है कि वह हर बात के लिए पंजाब को दोष देती है। हमारी सरकार के सहयोग, मशीनों की उपलब्धता और किसानों की जागरूकता की बदौलत, इस बार पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है।
- भगवंत मान, सीएम, पंजाब

महापर्व 'छठ पूजा'



लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' का पहला अनुष्ठान 'नहाय-खाय', शरीर और मन की शुद्धि, आत्मा की पवित्रता और सूर्य देव की उपासना के पावन संकल्प का प्रतीक है। हमारी सरकार ने इस वर्ष पूरी दिल्ली में 1,400 छठ घाटों पर विशेष प्रबंध किए हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मूल सार



लोकतंत्र का मूल सार ही यह है कि सवालों के जवाब पूरे आत्मविश्वास, सच्चाई और साहस के साथ दिए जाएं। राहुल गांधी की चुनौती इसी लोकतांत्रिक परंपरा को आगे बढ़ाने के बारे में है। आइए, बहस के लिए मंच तैयार करें, खुली बातचीत करें।
- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री

करंट अफेयर

हुआंग की ताइवान में छवि धूमिल, लोकप्रियता भी घटी

एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग अपने जन्मस्थान ताइवान में किसी रॉक स्टार की तरह लोकप्रिय थे। हालांकि, एक कथित चीनी एजेंट के साथ उनके प्रेम संबंधों की अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद उनकी यह छवि धूमिल हो गई है। दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह ताइवान में भी हुआंग और एलिस हुआंग नाम की एक चीनी कारोबारी महिला के संबंधों को लेकर सामने आए विवाद से लोग हैरान हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कथित तौर पर एलिस को चीनी जासूस बताया है। वर्ष 2025 में राजधानी ताइपे के एक रेस्तरां में दोनों के जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और दुनियाभर के समाचार माध्यमों में प्रसारित हुआ। हुआंग ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया। बुधवार देर रात मीडिया में आई उन खबरों के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं, जिनमें कहा गया था कि एनवीडिया के एक कर्मचारी के साथ भी उनके विवाहेतर संबंध थे और वह कर्मचारी सीधे उन्हें रिपोर्ट करता था।



ऑफ बीट

बच्चे को नुकसान पहुंचाने के डरावने विचार आना सामान्य

माता-पिता बनने की खबर दोस्तों और परिवार को देते ही आपको उनकी ओर से ढेरों सलाह मिलने लग जाती हैं। हर कोई बताने लगता है कि बच्चे की देखभाल कैसे करनी है, किन बातों का ध्यान रखना है और क्या करना चाहिए। लेकिन इस दौरान होने वाले एक ऐसे आम अनुभव के बारे में शायद ही कोई बात करता है, जिसका असर माता-पिता की मानसिक सेहत पर लंबे समय तक रह सकता है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'पेरिनेटल इंट्रूसिव थॉट' (प्रसवकालीन अनचाहे विचार) कहा जाता है यानी गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के बाद के पहले वर्ष में अचानक मन में अवांछित, डरावने और परेशान करने वाले विचारों का आना। ये ऐसे विचार होते हैं जो अचानक मन में आते हैं और ये नकारात्मक होते हैं। आमतौर पर ये उन घटनाओं से जुड़े होते हैं जिनसे हम डरते हैं या जिन्हें घटित होते नहीं देखना चाहते। मसलन, किसी बैठक में अचानक मुंह से कोई अनुचित बात निकल जाने का ख्याल आना। बच्चे के जीवन के पहले वर्ष को यहां प्रसवकालीन अवधि कहा गया है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कर्नाटक को दी 15,000 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात

मध्यम वर्ग को आर्थिक प्रगति में भागीदार बनाया जा रहा, अब ये बिजली उत्पादक बन रहे



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं कर्नाटक की विकास यात्रा को नई गति देंगी और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यपाल सुधा यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पति ने कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था। उसके बाद भी उन्होंने मां भारती की सेवा का प्रण निभाया और संसद से लेकर अब कर्नाटक में सेवाभाव से काम कर रही हैं।

परियोजनाएं विकास यात्रा को नई गति देंगी और विकसित भारत के निर्माण में योगदान

ये परियोजनाएं कर्नाटक के बुनियादी ढांचे में नई जान फूंक देंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कर्नाटक की विकास यात्रा को एक नई गति देने वाला है। मेट्रो और रेलवे से जुड़ी पहलों से लेकर ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित कार्यों तक, ये सभी परियोजनाएं कर्नाटक के बुनियादी ढांचे में नई जान फूंक देंगी।



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

मध्यम वर्ग को किया जा रहा मजबूत

प्रधानमंत्री कहा कि बेंगलुरु की बड़ी नव-मध्यम वर्गीय आबादी के हित केंद्र की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। केंद्र सरकार मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है।

शहर की तारीफ भी की

उन्होंने कहा कि बेंगलुरु भारत की 'सिलिकॉन वैली' है। देश के आईटी निर्यात में इसका योगदान एक-तिहाई से भी अधिक है। यह नवाचार और आर्थिक विकास का केंद्र है।

भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता अब 300 गीगावाट

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता अब 300 गीगावाट को पार कर गई है। नागरिक अब सिर्फ बिजली के उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक भी बन रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि मध्यम वर्ग की बचत बढ़े, क्रय क्षमता मजबूत हो और वे अपने परिवार के सपनों के साथ देश की आर्थिक प्रगति में भी भागीदार बनें।उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगी।

योग भारत को जानने का प्रवेश द्वार, सेवा के लिए सराहना की

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने 'प्रशांत कुटीरम' के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती सदियों से योग का केंद्र रही है। योग से जुड़े कितने ही आचार्यों और विद्वानों ने यहां जन्म लिया है और योग की परंपरा को समृद्ध भी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे योग की असाधारण ऊर्जा का अनुभव करने का अवसर मिला है।



कर्नाटक सदियों से योग का केंद्र रहा है। यहां कई जाने-माने योग गुरुओं और विद्वानों का जन्म हुआ, जिन्होंने इस प्राचीन परंपरा को समृद्ध किया। प्रशांति कुटीरम में जो शुरुआत हुई थी, वह अब योग शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान बन गई है। योग के साथ आपने आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को मिलाकर एक समग्र वेलनेस इकोसिस्टम भी विकसित किया है। मैं इन उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रशांति कुटीरम की सराहना करता हूं।

महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के विलय पर सियासत गरम

सुनेत्रा के घर पर एनसीपी विधायकों ने की मंत्रणा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के विलय को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हैं। इसी बीच उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के पुणे स्थित आवास पर पार्टी के कई विधायकों की मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद महाराष्ट्र सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि विधायकों की मुलाकात का मकसद राजनीतिक चर्चा करना नहीं, बल्कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सूखे की स्थिति और उससे निपटने के उपायों पर बात करना था।

सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज किया

अन्य मुद्दों पर बैठक में की चर्चा: पार्टी के मंत्री

भरणे ने सुनेत्रा के आवास 'जिजाई' पर हुई मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनसीपी की ओर से विलय को लेकर कोई बैठक नहीं बुलाई गई थी। कुछ विधायक पुणे में मौजूद थे और उन्होंने सुनेत्रा से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से सूखे के कारण पैदा हुई समस्याओं, किसानों की जरूरतों और विधानसभा क्षेत्रों में किए जाने वाले जरूरी कामों पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के विधायकों में किसी तरह की नाराजगी नहीं है और सभी सुनेत्रा के नेतृत्व के साथ खड़े हैं।



सुनेत्रा पवार

सुले ने विलय को किया खारिज



इनकार के बावजूद राजनीति में हलचल

विलय की अटकलों के बीच एनसीपी (शरद पवार गुट) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने विलय की संभावनाओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा यह अध्याय उनके भाई अजित पवार के निधन के साथ ही समाप्त हो गया था। विलय के लिए किसी ने संपर्क नहीं किया है। राज्य की उपमुख्यमंत्री बनीं सुनेत्रा पवार ने बारामती में विलय की अटकलों पर सीधे जवाब देने से बचते हुए कहा था कि समय आने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सुप्रिया के इनकार के बावजूद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल जारी है।

एसबीईसी शुगर लिमिटेड

रजि. कार्यालयः ग्राम लोयन मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिलाः बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
सीआईएनः L15421UP1991PLC019160
दूरभाषः 01234–259206 फैक्सः91–1234–259200
ई–मेलः investors@sbecsugar.com, वेबसाइटः www.sbecsugar.com

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए असंपरीक्षित वित्तीय परिणामों (पृथकृत और समेकित) का सारांश

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथकृत				समेकित			
		तिमाही समाप्त		अर्ध वर्ष समाप्त	वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त		अर्ध वर्ष समाप्त	वर्ष समाप्त
		30.09.2026	30.09.2025	30.09.2026	31.03.2026	30.09.2026	30.09.2025	30.09.2026	31.03.2026
		अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
1	कुल आय	15108.20	14675.01	25043.29	53738.80	15135.77	14695.91	25126.13	55253.71
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण मदें)	(2151.81)	(2553.72)	(2584.12)	(6280.89)	(2486.37)	(2858.23)	(3274.07)	(6394.63)
3	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवाद और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद)	(2151.81)	(2553.72)	(2584.12)	(6280.89)	(484.84)	(2858.23)	430.52	1939.62
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद)	(2151.81)	(2553.72)	(2584.12)	(6280.89)	(484.84)	(2858.23)	430.52	1865.54
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें कर के बाद अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं]	(2136.28)	(2562.51)	(2553.07)	(6218.79)	(220.77)	(2866.91)	796.92	2413.23
6	इक्विटी शेयर पूंजी	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39
7	पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	–	–	–	(17,091.19)	–	–	–	11,971.90
8	प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए)								
	क. मूल	(4.52)	(5.36)	(5.42)	(13.18)	(1.02)	(6.00)	0.90	3.91
	ख. तनुकृत	(4.52)	(5.36)	(5.42)	(13.18)	(1.02)	(6.00)	0.90	3.91

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा संस्तुति की गई है तथा 13 नवंबर, 2026 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13.11.2026

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता/–
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं समापति
डीआइएनः 00002757

भारतीय मौसम विभाग ने कहा- सभी लोग हो जाएं सावधान

अब एक और चक्रवाती तूफान आ रहा, कई राज्यों में होगी भारी बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके 14 नवंबर को एक कम दाब के क्षेत्र और 15 नवंबर को डिप्रेशन में बदलने की संभावना है।

इसके बाद, उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और 16 नवंबर की शाम के आसपास मध्य बंगाल के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। यह तीसरा चक्रवाती तूफान होगा। कई राज्यों में भारी बारिश और तूफान की आशंका है।

15 से 19 नवंबर तक आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा में वर्षा



तूफान से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा जैसे राज्यों में भारी बारिश होगी। 15 नवंबर और 16-19 नवंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, 19 नवंबर तक लक्षद्वीप, 14-19 नवंबर के बीच तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा में बारिश होगी। 15 नवंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, 16-19 नवंबर के बीच केरल और माहे में काफी भारी बारिश संभव है। 18-19 नवंबर को तटीय आंध्र प्रदेशन, यनम में भारी बरसात होगी।

ओडिशा में सतर्क किया

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने 16 नवंबर को शाम में बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान उठने के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के बाद शुक्रवार को राज्य के तटीय और दक्षिणी हिस्सों के जिलाधिकारियों को सतर्क किया है।

सीएम विजय की सुरक्षा में बड़ी कमी

पुलिस का घेरा तोड़ मुख्यमंत्री तक पहुंचा 'अज्ञात' गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की सुरक्षा में शुक्रवार को बड़ी कमी सामने आई, जब चेन्नई के कोलाथुर में उनके अचानक किए गए रोड वॉक के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति सुरक्षा घेरा तोड़कर तेजी उनकी तरफ बढ़ने लगा।

मुख्यमंत्री के आसपास मौजूद सुरक्षाकर्मियों में कुछ पल के लिए अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा में तैनात जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



वह रोड वॉक में घुसा

विजय काफिले से नीचे उतरे और लोगों के बीच रोड वॉक करने लगे। विजय के साथ मंत्री के जगदेश्वरी भी चल रही थीं। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति भीड़ से निकलकर मंत्री के पास से तेजी से आगे बढ़ा और मंत्री की ओर बढ़ने लगा।

बागपत के दोघट में 2 पक्षों में बवाल

पुलिस पर पथराव, 12 घायल 54 पर रिपोर्ट और 18 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बागपत

दोघट कस्बे की पट्टी तिरोसिया में शराब के नशे में कहासुनी होने पर अनुज कश्यप और सावन कश्यप पक्ष आपस में भिड़ गए। इनमें लाठी-डंडे, धारदार हथियार चले और पथराव हो गया। लोगों ने घरों में घुसकर जान बचाई। पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया तो उन पर भी पथराव किया गया। 3महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए। 34 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर 18 को गिरफ्तार कर लिया।



पुराने विवाद पर फिर उलझे

पट्टी तिरोसिया निवासी अनुज और सावन पक्ष में 10 दिन पहले झगड़ा हो गया था, जिसे लोगों ने शांत करा दिया था। बुधवार रात अनुज दुकान से घर जा रहा था। रास्ते में सावन के साथ पुराने झगड़े को लेकर कहासुनी हो गई।

फ्रिक इंडिया लिमिटेड

CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
Telephone No. 01292275691-94 Email: fbd@frickmail.com Website: www.frickweb.com

30.09.2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम

(रु. लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त छह माह		समाप्त वर्ष
		30/09/2026 (अअंकेक्षित)	30/06/2026 (अअंकेक्षित)	30/09/2025 (अअंकेक्षित)	30/09/2026 (अअंकेक्षित)	30/09/2025 (अअंकेक्षित)	31/03/2026 (अंकेक्षित)
	आय						
I	प्रचालनों से आय	13,114.44	12,077.33	10,004.36	25,191.77	17,523.86	47,652.79
II	अन्य आय	323.66	607.16	214.02	930.82	642.45	967.14
III	कुल आय (I+II)	**13,438.10**	**12,684.49**	**10,218.38**	**26,122.59**	**18,166.31**	**48,619.93**
IV	व्यय						
	उपभोग की गई सामग्रियों की कीमत	10,228.54	8,705.22	7,544.27	18,933.76	13,120.68	35,576.90
	तैयार सामान, चालू कार्य और स्टॉक इन ट्रेड की इनवेंट्रीज में परिवर्तन	(521.60)	180.10	(665.01)	(341.50)	(1,187.92)	(2,184.30)
	कर्मचारी लाभ व्यय	1,721.91	1,668.63	1,640.87	3,390.54	3,227.50	6,852.98
	वित्तीय लागत	93.44	59.24	47.23	152.68	122.39	374.17
	अवमूल्यन एवं अमोर्टाइजेशन व्यय	94.35	91.45	105.26	185.80	203.85	428.04
	अन्य व्यय	1,289.52	971.74	915.42	2,261.26	1,722.78	4,525.21
	कुल व्यय (IV)	**12,906.16**	**11,676.38**	**9,588.04**	**24,582.54**	**17,209.28**	**45,573.00**
V	कर और असाधारण मदों से पूर्व लाभ (III-IV)	**531.94**	**1,008.11**	**630.34**	**1,540.05**	**957.03**	**3,046.93**
VI	असाधारण मदें	-	-	-	-	-	**322.36**
VII	कर और संयुक्त उपक्रम के शेयर से पूर्व लाभ/(हानि) (V-VI)	**531.94**	**1,008.11**	**630.34**	**1,540.05**	**957.03**	**2,724.57**
VIII	संयुक्त उपक्रम का शेयर (हानि) (VIII)	**(61.67)**	**(29.86)**	**(9.20)**	**(91.53)**	**(9.21)**	**(98.11)**
IX	कर से पूर्व लाभ (VII-VIII)	**470.27**	**978.25**	**621.14**	**1,448.52**	**947.82**	**2,626.46**
X	कर व्यय						
	ए) वर्तमान कर	187.51	195.50	174.38	383.01	241.73	835.00
	बी) विलम्बित कर	(30.08)	53.56	17.86	23.48	26.01	(117.39)
	सी) पूर्ववर्ती वर्षों हेतु आयकर	-	-	-	-	-	(15.44)
	कुल कर (X)	**157.43**	**249.06**	**192.24**	**406.49**	**267.74**	**702.17**
XI	अवधि हेतु कर के बाद लाभ (IX-X)	**312.84**	**729.19**	**428.90**	**1,042.03**	**680.08**	**1,924.29**
XII	अन्य व्यापक आय (करों का शुद्ध)						
	ए. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं की जाएंगी :	5.11	5.11	(3.92)	10.22	(7.85)	20.43
	(ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा :	(1.28)	(1.29)	1.00	(2.57)	1.99	(5.14)
	बी. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत की जाएंगी :	-	-	-	-	-	-
	(ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा :	-	-	-	-	-	-
	कुल अन्य व्यापक आय (XII)	**3.83**	**3.82**	**(2.92)**	**7.65**	**(5.86)**	**15.29**
XIII	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (XI+XII)	**316.67**	**733.01**	**425.98**	**1,049.68**	**674.22**	**1,939.58**
XIV	अन्य इक्विटी						32,117.19
XV	भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य)	599.98	599.98	599.98	599.98	599.98	599.98
	अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (रु. / शेयर)						
	ए) बेसिक ईपीएस – वार्षिकृत नहीं	5.21	12.15	7.15	17.37	11.34	32.07
	बी) डायल्यूटिड ईपीएस – वार्षिकृत नहीं	5.21	12.15	7.15	17.37	11.34	32.07

टिप्पणी :–
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 13.11.2026 को आयोजित इसकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये और रिकार्ड पर ले लिए गए हैं और इसकी एक सीमित समीक्षा कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
2. कम्पनी प्राथमिक तौर पर इंडस्ट्रीयल रेफ्रीजरेशन और एयरकंडीशनिंग सिस्टम्स के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के बिजनेस में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम व वापसी के उसी प्रकार के सैट द्वारा अधिशासित है, अतः IND AS 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" के अनुसार केवल एक रिपोर्टेबल सेगमेंट है।
3. पूर्ववर्ती अवधियों / वर्ष के आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुप्ड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

कृते व बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00383412

दिनांक : 13.11.2026
स्थान : दिल्ली

फ्रिक इंडिया लिमिटेड

CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
Telephone No. 01292275691-94 Email: fbd@frickmail.com Website: www.frickweb.com

30.09.2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम

(रु. लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त छह माह		समाप्त वर्ष
		30/09/2026 (अअंकेक्षित)	30/06/2026 (अअंकेक्षित)	30/09/2025 (अअंकेक्षित)	30/09/2026 (अअंकेक्षित)	30/09/2025 (अअंकेक्षित)	31/03/2026 (अंकेक्षित)
	आय						
I	प्रचालनों से आय	13,114.44	12,077.33	10,004.36	25,191.77	17,523.86	47,652.79
II	अन्य आय	323.66	607.16	214.02	930.82	642.45	967.14
III	कुल आय (I+II)	13,438.10	12,684.49	10,218.38	26,122.59	18,166.31	48,619.93
IV	व्यय						
	उपभोग की गई सामग्रियों की कीमत	10,228.54	8,705.22	7,544.27	18,933.76	13,120.68	35,576.90
	तैयार सामान, चालू कार्य और स्टॉक इन ट्रेड की इनवेंट्रीज में परिवर्तन	(521.60)	180.10	(665.01)	(341.50)	(1,187.92)	(2,184.30)
	कर्मचारी लाभ व्यय	1,721.91	1,668.63	1,640.87	3,390.54	3,227.50	6,852.98
	वित्तीय लागत	93.44	59.24	47.23	152.68	122.39	374.17
	अवमूल्यन एवं अमोर्टाइजेशन व्यय	94.35	91.45	105.26	185.80	203.85	428.04
	अन्य व्यय	1,289.52	971.74	915.42	2,261.26	1,722.78	4,525.21
	कुल व्यय (IV)	12,906.16	11,676.38	9,588.04	24,582.54	17,209.28	45,573.00
V	कर और असाधारण मदों से पूर्व लाभ (III-IV)	531.94	1,008.11	630.34	1,540.05	957.03	3,046.93
VI	असाधारण मदें	-	-	-	-	-	322.36
VII	कर से पूर्व लाभ (V-VI)	531.94	1,008.11	630.34	1,540.05	957.03	2,724.57
VIII	कर व्यय						
	ए) वर्तमान कर	187.51	195.50	174.38	383.01	241.73	835.00
	बी) विलम्बित कर	(30.08)	53.56	17.86	23.48	26.01	(117.39)
	सी) पूर्ववर्ती वर्षों हेतु आयकर	-	-	-	-	-	(15.44)
	कुल कर (VIII)	157.43	249.06	192.24	406.49	267.74	702.17
IX	अवधि हेतु कर के बाद लाभ (VII-VIII)	374.51	759.05	438.10	1,133.56	689.29	2,022.40
X	अन्य व्यापक आय (करों का शुद्ध)						
	ए. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं की जाएंगी :	5.11	5.11	(3.92)	10.22	(7.85)	20.43
	(ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा :	(1.28)	(1.29)	1.00	(2.57)	1.99	(5.14)
	बी. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत की जाएंगी :	-	-	-	-	-	-
	(ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा :	-	-	-	-	-	-
	कुल अन्य व्यापक आय (X)	3.83	3.82	(2.92)	7.65	(5.86)	15.29
XI	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (IX+X)	378.34	762.87	435.18	1,141.21	683.43	2,037.69
XII	अन्य इक्विटी						32,233.40
XIII	भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य)	599.98	599.98	599.98	599.98	599.98	599.98
	अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (रु. / शेयर)						
	ए) बेसिक ईपीएस – वार्षिकृत नहीं	6.24	12.65	7.30	18.89	11.49	33.71
	बी) डायल्यूटिड ईपीएस – वार्षिकृत नहीं	6.24	12.65	7.30	18.89	11.49	33.71

टिप्पणी :–
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 13.11.2026 को आयोजित इसकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये और रिकार्ड पर ले लिए गए हैं और इसकी एक सीमित समीक्षा कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
2. कम्पनी प्राथमिक तौर पर इंडस्ट्रीयल रेफ्रीजरेशन और एयरकंडीशनिंग सिस्टम्स के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के बिजनेस में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम व वापसी के उसी प्रकार के सैट द्वारा अधिशासित है, अतः IND AS 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" के अनुसार केवल एक रिपोर्टेबल सेगमेंट है।
3. पूर्ववर्ती अवधियों / वर्ष के आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुप्ड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

कृते व बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00383412

दिनांक : 13.11.2026
स्थान : दिल्ली

खबर संक्षेप

महिला हॉस्टल के लिए अनिल अग्रवाल देंगे 5 करोड़

नई दिल्ली। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने मुंबई में उच्च शिक्षा हासिल करने वाली ग्रामीण क्षेत्रों की युवतियों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। इस राशि से मुंबई के मलाड वेस्ट में महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाया जाएगा, जहां करीब 200 युवतियों के रहने की व्यवस्था होगी।17 नवंबर 2026 को मुंबई में आयोजित परमार्थ रत्न सम्मान समारोह के दौरान इस योगदान की घोषणा की गई।

रुपया सात पैसे कमजोर 94.19 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को सात पैसे टूटकर 94.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका में महंगाई के उम्मीद से अधिक रहने, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों से डॉलर मजबूत हुआ है। इससे ब्याज दरों में आगे और बढ़ोतरी की आशंका मजबूत हुई है।

उद्योग निकाय सियाम ने जारी की रिपोर्ट

यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 12 प्रतिशत बढ़कर 5.19 लाख इकाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 5.19 लाख इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने यह जानकारी दी। अक्टूबर 2025 में यह आंकड़ा 4.62 लाख इकाई था।

- यात्री वाहन खंड में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन
- मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का आंकड़ा पार किया
- दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़ी



सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, ''यात्री वाहन खंड ने अक्टूबर में अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया।''

तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री बढ़ी

आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 16.1 प्रतिशत बढ़कर 25.78 लाख इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 22.20 लाख इकाई थी। तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री 25.7 प्रतिशत बढ़कर 1.03 लाख इकाई रही, जो एक साल पहले 82,190 इकाई थी।

पुराने वाहनों को बदलने मिला समर्थन

मेनन ने कहा कि ग्रामीण और शहरी, दोनों बाजारों में ऋण की बेहतर उपलब्धता तथा पुराने वाहनों को बदलने की मांग से दोपहिया वाहनों की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तिपहिया वाहनों के मामले में अंतिम छोर तक आवागमन की जरूरतें और लोगों का तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख करना क्षेत्र की वृद्धि के प्रमुख कारक बने हुए हैं।

निर्यात में 26 फीसदी का इजाफा

अक्टूबर में कुल घरेलू वाहन थोक बिक्री 15.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 31.26 लाख इकाई रही। निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 6.82 लाख इकाई हो गया। अक्टूबर में वाहनों का कुल उत्पादन 28.6 प्रतिशत बढ़कर 36.19 लाख इकाई रहा। कुल घरेलू बिक्री, निर्यात और उत्पादन के साथ-साथ विभिन्न वाहन खंडों के आंकड़ों में बीएमडब्ल्यू मर्सिडीज, जेएलआर, टाटा मोटर्स और वोल्वो ऑटो के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

स्कूटर की बिक्री 36 फीसदी से अधिक : टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री के आंकड़े केवल कुल यात्री वाहन बिक्री के आंकड़ों में शामिल हैं। दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री में वृद्धि मुख्य रूप से स्कूटर की वजह से रही। स्कूटर की बिक्री 31.6 प्रतिशत बढ़कर 10.97 लाख इकाई हो गई, मोटरसाइकिल की बिक्री 6.6 प्रतिशत बढ़कर 14.23 लाख इकाई रही।

अक्टूबर में खुदरा वाहनों की बिक्री घटी : इस महीने की शुरुआत में फाडा की ओर से जारी वाहन पंजीकरण अक्टूबर में वाहनों की खुदरा बिक्री 23.8 प्रतिशत घटकर 31.72 लाख इकाई रह गई।

जीएसटी में कटौती के बाद मांग में तेज वृद्धि रही

इस साल धनतेरस और दिवाली नवंबर में आना अक्टूबर में वाहन पंजीकरण में गिरावट की मुख्य वजह रही। पिछले साल नवरात्र और दिवाली दोनों अक्टूबर में थे। साथ ही पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के बाद मांग में आई तेज वृद्धि का भी असर रहा था।

यात्री वाहनों का निर्यात 21.8 फीसदी बढ़ा

इस बीच, निर्यात के मोर्चे पर सियाम के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों का निर्यात 21.8 प्रतिशत बढ़कर 83,716 इकाई हो गया। दोपहिया वाहनों का निर्यात 26.5 प्रतिशत बढ़कर 5.44 लाख इकाई रहा। अप्रैल से अक्टूबर के दौरान यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 30.83 लाख इकाई रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 24.56 लाख इकाई थी।

शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी थमी सेंसेक्स 318 अंक गिरा

मुंबई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति के 6.09 प्रतिशत पर पहुंचने के बाद नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि की आशंका के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी थम गई। सेंसेक्स 318 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 155 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 318.56 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 81,592.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.26 अंक यानी 0.75 प्रतिशत तक लुढ़क कर 81,288.75 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 155.05 अंक यानी 0.61 प्रतिशत टूटकर 25,144.30 पर बंद हुआ। इस महीने दोनों मानक सूचकांकों में आई यह पहली बड़ी गिरावट है।

एआई से ग्राहकों की जरूरतें समझेगी एक्साइड

मुंबई। बैटरी और ऊर्जा समाधान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज ने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए सेल्सफोर्स के साथ मिलकर अपनी डिजिटल व्यवस्था को मजबूत किया है। इस साझेदारी के तहत कंपनी डेटा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ऑटोमेशन की मदद से बी2बी और बी2सी ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक और बेहतर अनुभव उपलब्ध कराएगी।एक्साइड ने सेल्सफोर्स के सेल्स क्लाउड, सर्विस क्लाउड, फील्ड सर्विस क्लाउड, मार्केटिंग क्लाउड और एक्सपीरियंस क्लाउड को अपने कामकाज में शामिल किया है। इससे बिक्री, ग्राहक सेवा और मार्केटिंग से जुड़ी जानकारियां एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी। इस डिजिटल व्यवस्था के जरिए एक्साइड के 1.20 लाख से अधिक डीलर्स, 20 हजार मैकेनिक, 6 हजार सर्विस तकनीशियन और 1 हजार सेल्स कर्मचारियों को जोड़ा गया है। इससे कर्मचारियों को ग्राहकों की बातचीत, सर्विस रिकॉर्ड, वारंटी और कारोबारी साझेदारों से जुड़ी जानकारी एक जगह मिल सकेगी।

आईसीएफएआई ने अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए 16वां दीक्षांत समारोह मनाया

हैदराबाद। आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन ने 12 नवंबर को हैदराबाद के शंकरपल्ली रोड स्थित 'आर्या कन्वेंशन' में अपना 16वां **UG** ग्रेजुएशन डे समारोह आयोजित किया। इस समारोह में आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल (हैदराबाद), आईसीएफएआई लॉ स्कूल, आईसीएफएआई टेक, आईसीएफएआई स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, आईसीएफएआई स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर और आईएफएचई बैंगलोर के छात्र शामिल हुए। **MYK LATICRETE** इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष, अमरबीर पाल्टा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के पूर्व कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी, रवि वेंकटरमन 'गेस्ट ऑफ ऑनर' (विशिष्ट अतिथि) के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने उन आदर्तों, क्षमताओं और मूल्यों पर चर्चा की, जिनकी जरूरत ग्रेजुएट्स को विश्वविद्यालय से निकलकर इस जटिल दुनिया में कदम रखने पर पड़ेगी।अमरबीर पाल्टा ने अपने करियर की शुरुआत में लिए गए फैसलों और **MYK LATICRETE** में अपने अनुभवों के आधार पर, एक संतोषजनक पेशेवर जीवन बनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि करियर शायद ही कभी किसी तय योजना के अनुसार आगे बढ़ता



है। अवसर बदलते रहते हैं, मुश्किलें आत्मविश्वास की परीक्षा लेती हैं, और तरक्की अक्सर किसी एक बड़ी सफलता पर नहीं, बल्कि समय के साथ बार-बार लिए गए सही फैसलों पर निर्भर करती है।अमरबीर पाल्टा ने अपनी सलाह को जीवन के पांच जुड़े हुए सबक के रूप में प्रस्तुत किया। पहला, ''लचीलापन' युवा पेशेवरों को तब ढलने में मदद करता है। जब उद्योग, तकनीक और उम्मीदें बदलती हैं। अपने काम के तरीके को बदलने, नई जिम्मेदारियां लेने या कोई नया कौशल सीखने की इच्छा रखने से अनिश्चितता को भी अवसरों में बदला जा सकता है। हालांकि, खुद को ढालने का मतलब यह नहीं है कि इंसान अपने मूल्यों या दीर्घकालिक उद्देश्यों को ही भूल जाए।

खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत आत्मनिर्भर नहीं आधा खाद्य तेल आयात करता है : नीति आयोग

नई दिल्ली (भाषा)। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अभी विभिन्न खाद्य उत्पादों की आपूर्ति के मामले में पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। देश अपनी खाद्य तेल की आधी से अधिक जरूरत आयात के जरिए पूरी करता है और दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाहिड़ी ने कहा कि भारत हर साल करीब 1.7 करोड़ टन खाद्यतेल का आयात करता है, जिसका मूल्य लगभग 20 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि भारत दलहनों का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भी है। दुनिया में कुल दलहनों की खपत में भारत की हिस्सेदारी करीब एक चौथाई है। देश में हर साल लगभग 2.5 से 2.7 करोड़ टन दलहनों की खपत होती है।

डिश टीवी का घाटा बढ़कर 295.74 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। डिश टीवी इंडिया का एकीकृत शुद्ध घाटा 2026-27 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 295.74 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी को 132.65 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन से राजस्व लगभग स्थिर रहकर 292 करोड़ रुपये रहा। जो एक साल पहले समान अवधि में 291 करोड़ रुपये था। कुल खर्च 36.74 प्रतिशत बढ़कर 590.67 करोड़ रुपये हो गया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजेन्द्र कुमार जैन पुत्र राम बहादुर जैन निवासी मकान नं. 2294, गली पहाड़ी वाली धरमपुरा चांदनी चौक, दिल्ली ने एफआईआर नं. 140/2012 धारा 285/336/338/304ए भा.द.स. के तहत** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजेन्द्र कुमार जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजेन्द्र कुमार जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 140/2012 धारा 285/336/338/304ए भा.द.स. के तहत थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त विजेन्द्र कुमार जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सायशा चड्ढा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
(केन्द्रीय) कमरा नं. 272
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/16430/N/2026

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 295 दिनांक 10.11.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस & 84 जे. जे. एक्ट थाना HSIDC बडी जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- दिलखुश।
पिता का नाम- अनिल राम।
पता - वासी हाल किरायेदार अजय गाँव टेहा हनुमान मंदिर जिला सोनीपत।
उम्र - 14 वर्ष।
कद - 4 फुट 10 ईंच।
हुलियाः रंग गोरा, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
पहनावा - काले रंग की सूट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.11.2026 को दिलखुश पुत्री अनिल वासी हाल किरायेदार अजय गाँव टेहा हनुमान मंदिर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। अब तक वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410541
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9416479970
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5599/2027/51009/88/7 दि. 13.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	एमडीयू रोहतक में खेल उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना के लिए वॉर्म-अप एरिया पर टेनसाइल रूफिंग शैड के प्रावधान व फिक्सिंग द्वारा सिंथेटिक ट्रैक का अपग्रेडेशन।	12.11.2026 26.11.2026	रु. 42.21 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/51018/I/88/7 दि. 13.11.26

Haryana Government Gazette

Published by Authority

© Government of Haryana
No. 45–2026] CHANDIGARH, TUESDAY, NOVEMBER 10, 2026 (KARTIKA 19, 1948 SAKA)

PART-I
Notifications, Orders and Declarations by Haryana Government

हरियाणा सरकार
सिंचाई एवं जल सेवाएं मण्डल
अधिसूचना
दिनांक 3 नवम्बर, 2026

क्रमांक 1006/127 W.– चूंकि हरियाणा के राज्यपाल इस बात से संतुष्ट हैं कि नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि राज्य सरकार को जनहित एवं लोक व्यय पर भूमिगत पाइपलाइन द्वारा जल वहन हेतु आवश्यक है। ''मसानी बैराज में सँचित जल के संरक्षण एवं पुनः उपयोग द्वारा जलाशय का निर्माण तथा सिंचाई क्षमता का विकास'' नामक परियोजना के अंतर्गत मसानी बैराज से उपचारित अपशिष्ट जल को उठाकर जिला गुरुग्राम के ग्राम मोजाबाद स्थित माहिबी नदी बेसिन तक पहुँचाया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित पाइपलाइन संरेखण जिला रेवाड़ी के ग्राम मीरपुर, रोजका, ततारपुर इस्तमुरार, खलियावास की राजस्व सीमाओं से होकर गुजरेगा। इस प्रयोजन हेतु भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित किया जाना आवश्यक है, जिसका विवरण संलग्न अनुसूची में दिया गया है।

और जबकि, हरियाणा भूमिगत पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत भूमि में उपयोग के अधिकार के अर्जन का प्रस्ताव अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, सिंचाई विभाग, चंडीगढ़ द्वारा पत्र संख्या 2/61/2026-1IW दिनांक 20 मई 2026 के माध्यम से अनुमोदित किया गया था, तथा तत्पश्चात उक्त अधिनियम के अंतर्गत हरियाणा राजपत्र में अधिसूचना संख्या 1622/1L दिनांक 21 मई 2026 द्वारा अधिसूचना प्रकाशित की गई तथा स्थानीय क्षेत्र में प्रसारित दो समाचार पत्रों, अर्थात, दैनिक जागरण (हिन्दी) एवं द इंडियन एक्सप्रेस (अंग्रेजी) में दिनांक 30 मई 2026 को प्रकाशित की गई;

और जबकि, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है;

हरियाणा पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 2008 की धारा 4 की उपधारा (1) के अंतर्गत भूमि संबंधी दस्तावेज को हरियाणा सरकार के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा ज्ञापन संख्या 28/104/2026-7IW, दिनांक 30 अक्टूबर, 2026, चंडीगढ़ के माध्यम से अनुमोदित किया गया है।

अतः, अब हरियाणा भूमिगत पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 2008 की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल एतद्वारा घोषणा करते हैं कि संलग्न अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार उपर्युक्त लोक प्रयोजन हेतु अर्जित किया जाएगा।

भूमि का नक्शा किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान जिला राजस्व अधिकारी-एवं-सक्षम प्राधिकारी, रेवाड़ी के कार्यालय अथवा कार्यकारी अभियन्ता, जल सेवा मंडल संख्या-2, रेवाड़ी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

विशिष्टियां

क्र. सं.	गांव व हदबस्त नं.	तहसील	जिला	रकबा (क-म)	मुस्तील नं.	किला नं./खसरा नं. (कनाल-मरला)
1	मीरपुर (274)	रेवाड़ी	रेवाड़ी	6-1	9	12 मिन (0-9), 19/1 मिन (0-7).
					17	2 मिन (0-8), 9 मिन (0-8), 12/2 मिन (0-8), 19/1 मिन (0-4), 19/2 मिन (0-3), 22/2 मिन (0-8).
					19	2/5 मिन (0-8), 3 मिन (0-1), 8 मिन (0-7), 18/1 मिन (0-4), 18/2 मिन (0-4), 23 मिन (0-7).
					31	3/1 मिन (0-4), 3/2 मिन (0-4), 8 मिन (0-8), 13 मिन (0-8), 18 मिन (0-11).
2	रोझका (281)	रेवाड़ी	रेवाड़ी	1-6	20	1/1 मिन (0-9), 2 मिन (0-9), 3/1 मिन (0-8).
3	ततारपुर इस्तमुरार (277)	धारूहेड़ा	रेवाड़ी	2-17	29	17 मिन (0-6), 16 मिन (0-9).
					30	20 मिन (0-13) 19/1मिन (0-4), 18/1/1 मिन (0-9), 17/3 मिन (0-0), 17/1 मिन (0-8), 16/1 मिन (0-8).
4	खलियावास (283)	धारूहेड़ा	रेवाड़ी	5-8	24	6 मिन (0-7), 15 मिन (0-8), 16/1 मिन (0-4), 16/3 मिन (0-4), 25/1 मिन (0-8).
					40	5/1 मिन (0-2), 5/2 मिन (0-6), 6 मिन (0-9).
					28	5/1 मिन (0-4), 5/2 मिन (0-4), 6 मिन (0-8), 15/1 मिन (0-2), 15/2 मिन (0-2), 15/3(0-4), 16/1(0-8), 16/3 मिन (0-0), 25/1 मिन (0-0), 25/2 मिन (0-8).
					38	11 मिन (0-8), 12/1/1मिन (0-1), 12/3 मिन (0-2), 19/1/1/1 मिन (0-4), 19/1/1/2 मिन (0-0), 19/2/1/2 मिन (0-4), 19/2/1/3 मिन (0-1)

हरियाणा के राज्यपाल के आदेशानुसार
प्रदीप यादव, अधीक्षक अभियंता,
जे एल एन जल सेवाएं परिमंडल, रेवाड़ी।

पीआरडीएच-1069/11/154/2027/51025/88/7 दि. 13.11.26

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बीएचईएल में स्थापना दिवस एवं उत्कृष्टता उत्सव का भव्य आयोजन, कर्मचारियों को 'एक्सेल पुरस्कार' प्रदान किए

नई दिल्ली। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने राष्ट्रसेवा में 62 वर्ष समर्पित करने के उपलक्ष्य में अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस समारोह में कंपनी के प्रतिभाशाली कर्मचारियों को कंपनी के 'एक्सेल पुरस्कार' भी प्रदान किए गए। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय भारी उद्योग व इस्पात राज्य मंत्री श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर श्री संदीप पौण्डरीक, सचिव (इस्पात व भारी उद्योग), सुश्री निगार फातिमा हुसैन, अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (वाणिज्य और उद्योग), श्री विजय मित्तल, संयुक्त सचिव (भारी उद्योग), श्री के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल, निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीएचईएल के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकगण, पूर्व निदेशकगण एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।



राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

सोने में 2500 रुपये, चांदी में 3500 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 2,500 रुपये टूटकर 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। दिवाली के बाद मांग में कमी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार के 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) से 2,500 रुपये गिरकर शुक्रवार को 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी की कीमतों में भी पिछले सत्र में स्थिर रहने के बाद फिर गिरावट आई। चांदी 3,500 रुपये टूटकर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा। इसका कारण वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत और दिवाली के त्योहार के बाद खुदरा मांग में कमी है।''

शब्द पहेली - 6406



बाएँ से दाएँ
1.बरस,वर्ष–2
2.आफत,मुसीबत–2
3.यमराज–2
4.तीर, बाण–2
6.आनेवाला दिन–2
7.उत्साह–2
8.उचित, सही–3
9.बंधन–2
10.बाण–2
11.उपवन, जंगल–3
12.सरिता–2
13.शिविर, तंबू–2
14.रुई साफ करना–3
16.फंदा, पाश–2
17.भीरु, डरपोक–3
18.तालाब –2
19.सम्मान–2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या–3
21.श्याम,काले रंग का–2
22.देह, तन, बदन–2
23.चुनना, छांटना–3
24.रघुवीर, सियावर–2
26.जलजला–3
27.कोलाहल–2
28.अवरोध–2
29.दलदल–3
30.पत्नी का भाई–2
31.खिवाज, रस्म–2
32.कक्ष, रूम–3
33.गधा, गर्दभ–2
34.जनकपुत्री–2
36.वोट, राय–2
37.विजय–2
38.मां का भाई–2
39.मूल्य–2

ऊपर से नीचे
1.परछाई–2
2.दम, ताकत–2
3.यमराज–2
4.सोना, निद्रा लेना–3
5.धूल, मिट्टी–2
6.शारीरिक ऊंचाई–2
7.बल, दम–2
8.पहचानना–3
9.बंधक–2
10.मोमबत्ती (उर्दू–2)
11.विवश–3
12.भीगा हुआ–2
13.क्रीड़ा–2
14.सहमत–3
15.फंदा–2
16.प्राण–2
17.आकांक्षा–3
18.लॉक–2
19.प्रकृति,धन–2
20.धावक–3
21.कार्य–2
22.सवारी गाड़ी–2
23.जंगल–3
24.झगड़ा–2
25.सरल–2
26.कूड़ा–3
27.अंगारा–2
28.वार्तालाप–2
29.दाम, मूल्य–3
30.सारांश–2
31.खाली–2
32.थोड़ा–2
33.पत्र, चिट्ठी–2
34.हद–2
35.बल, ताकत–2

शब्द पहेली- 6405 का हल

ल	ब	■	ब	स	■	धा	णा	■	ह	रा
व	ह	म	■	ब	म	■	ना	ला	■	ह
■	न	म	न	■	जा	न	■	र	मा	■
ना	■	ता	क	त	■	शा	न	■	ता	त
क	मी	■	ल	ल	ना	■	म	न	■	न
■	न	ख	■	वा	च	क	■	ल	क्ष	■
स	■	र	वा	■	ना	म	क	■	मा	दा
खा	द	■	त	र	■	र	ह	न	■	म
■	म	स्त	■	मा	न	■	वा	ह	क	■
दा	■	र	स	■	या	र	■	र	च	ना
स	दा	■	च	क्षु	■	न	भ	■	रा	ल



नेशंस लीग : क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड, हैरी केन ने किया 92वां गोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया।



केन ने अपना 126वां मैच को बनाया यादगार

मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने वेम्बली स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को अपनी बैलन डी'ओर ट्रॉफी दिखाई, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल का सम्मान किया। 33 वर्षीय केन को पूर्व रिकॉर्डधारक पीटर शिल्टन और प्रिंस ऑफ वेल्स ने एक यादगार शर्ट भेंट की। इसके अलावा, क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ की ओर से लुका मोड्रिक (जो स्वयं पूर्व बैलन डी'ओर विजेता हैं) ने उन्हें एक विशेष उपहार दिया। वहीं दूसरी ओर, इजमिर में बेल्जियम ने तुर्की के खिलाफ 2-1 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

कड़े मुकाबले में जेसिका ने लिंडा को हराया, टूर्नामेंट से बाहर गॉफ



एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

जेसिका पेगुला ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा। पेगुला ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 ऐस लगाए और एक मैच प्वाइंट बचाते हुए अंतिम तीन गेम जीतकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के राउंड-रॉबिन ग्रुप में लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (2), 4-6, 7-5 से हराया। पेगुला की जीत ने उनकी पूर्व युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इससे पहले गॉफ ने वापसी करते हुए अंतिम छह गेम जीतकर मार्टा कोस्त्युक को 6-4, 7-5 से हराया था, जो इस साल उनका आखिरी मैच साबित हुआ।

कोको को टूर्नामेंट से लेनी पड़ी विदाई



कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई हैं। अपने अंतिम ग्रुप मैच में मार्टा कोस्त्युक को हराने के बावजूद, हमवतन जेसिका पेगुला की जीत के कारण गॉफ को ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट से विदाई लेनी पड़ी। थ्री-वे टाई (तीन खिलाड़ियों के बीच बराबरी)। ग्रुप-1 में कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और लिंडा नोस्कोवा तीनों ने 2-1 के समान जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ समापन किया।

हेनरी ने झटके 6 विकेट, सीरीज में 2-1 से आगे भारत

न्यूजीलैंड की वनडे इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को 244 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके श्रृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने 2000 में शारजाह में उसे 245 रन से हराया था। न्यूजीलैंड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2008 में एबेरडीन में 290 रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब 2-1 से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

यंग ने खेली 125 रन की पारी

यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर 108 गेंद पर 125 रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (48 गेंद पर 58 रन) और फिन एलन (41) का अच्छा साथ मिला, जिससे न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 333 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। यह वनडे में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम 100 से कम रन पर आउट हो गई। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 6 विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (31 रन देकर 3 विकेट) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया।



भारत ने खाता खोले बिना गंवाए तीन विकेट

नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही, जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाए। वनडे क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिसके लिए न्यूजीलैंड ने डीआरएस का सहारा लिया था।

यंग और सीफर्ट ने दी शानदार शुरुआत

इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने 12 ओवरों में 85 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और 41 गेंदों में अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों में अक्षर पटेल ने प्रभावित किया। उन्होंने शानदार लाइन पर गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में सिर्फ 39 रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिए। लेकिन अन्य दो स्पिनरों कुलदीप यादव (8 ओवर में 73 रन) और नमन धीर (4 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) ने जमकर रन लुटाए।

हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टेच्यू स्थापित, बोलीं- 'यह गर्व का पल'



जयपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जयपुर में अपने वैक्स स्टेच्यू (मोम के पुतले) का अनावरण किया और इसे अपने लिए गर्व का पल बताया। नाहरगढ़ के 'हिस्टोरिका म्यूजियम' की ओर से तैयार किए गए इस 'वैक्स स्टेच्यू' को अब आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर हरमनप्रीत ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का पल है। उन्होंने पहली बार अपने इस 'पुतले' को देखा और इसे बनाने वाले लोगों का आभार जताया। आयोजकों के अनुसार हरमनप्रीत की उपलब्धियों को सम्मान देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। गौरतलब है कि हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवंबर 2025 को महिला एक दिवसीय विश्व कप का खिताब जीता था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद जयपुर वैक्स म्यूजियम ने उनका मोम का पुतला बनाने की घोषणा की थी।

लालरेमसियामी बनीं मिजोरम की पहली अर्जुन पुरस्कार विजेता



आइजोल। भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली मिजोरम की पहली खिलाड़ी बन गईं। छब्बीस वर्षीय लालरेमसियामी उन 17 खिलाड़ियों में शामिल थीं, जिन्हें खेल मंत्रालय ने 18 अगस्त को अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए चुना था। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें औपचारिक रूप से यह सम्मान प्रदान किया। मिजोरम के उत्तरी हिस्से में असम की सीमा से सटे कोलासिब जिले की रहने वाली लालरेमसियामी ने कम उम्र में ही हॉकी खेलना शुरू कर दिया था। वर्ष 2011 में 11 साल की उम्र में उन्होंने थेनजॉल स्थित राज्य सरकार की हॉकी अकादमी में दाखिला लिया। इसके बाद 2016 में वह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय हॉकी अकादमी में शामिल हो गईं। लालरेमसियामी ने अक्टूबर 2011 में जूनियर नेहरू हॉकी टूर्नामेंट से राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया। बाद में 2016 में एशिया कप के लिए उनका चयन भारत की अंडर-18 टीम में हुआ।

कुमामोतो मास्टर्स : सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन, बाहर हुए श्रीकांत



कुमामोतो। लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा।

निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत को मिले 13 पदक



दोहा। भारत ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। दो मिश्रित ट्रैप टीम का शुक्रवार को प्रदर्शन निराशाजनक रहा। विवान कपूर और मनीषा कीर की जोड़ी 134 के संयुक्त स्कोर के साथ 21वें स्थान पर रहीं जबकि जोरावर सिंह संधू और नीरू धांडा की जोड़ी 132 अंकों के साथ 32वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कुल 48 टीम ने हिस्सा लिया था।

विश्व चैंपियनशिप टूर में अर्जुन एरिगैसी ने बिबिसारा को दी मात

बुडापेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की फास्ट क्लासिकल प्रतियोगिता में कम रेटिंग वाली बिबिसारा असाउबायेवा से पहली बाजी में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने दूसरी बाजी में कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी को हराकर शानदार वापसी की। प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली की भाई बहन की जोड़ी के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा क्योंकि उन्हें अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञाननंदा, जहां फैबियानो कारुआना से हार गए, वहीं वैशाली को हैंस नीमन ने हराया। वैशाली एक ड्रॉ और तीन हार के साथ ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर है। प्रज्ञाननंदा ग्रुप बी में कारुआना से अपने दोनों मैच हार गए। कारुआना ने सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञाननंदा के रक्षण में सेंध लगाने के लिए एक मोहरा कुर्बान किया और आसानी से जीत हासिल कर ली।

कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप के लिए महिला टीम का चयन

10 महिला पहलवानों में से 6 हरियाणा की खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाली आगामी सीनियर तथा दूसरे चरण की अंडर-17 और अंडर-20 कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप के लिए महिला पहलवानों की चयन ट्रायल शुक्रवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन ट्रायल्स में देश भर की दिग्गज महिला पहलवानों ने दमखम दिखाया, जिसमें हरियाणा की बेटियों का एकतरफा दबदबा देखने को मिला। सीनियर वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल करने वाली चयनित पहलवानों की सूची में 50 किग्रा में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की नीलम, 53 किग्रा में हरियाणा की निशु, 55 किग्रा में महाराष्ट्र की अहिल्या शिंदे, 57 किग्रा में हरियाणा की सिमरन और 59 किग्रा में हरियाणा की नेहा सांगवान शामिल हैं। इनके अलावा 62 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की पुष्पा, 65 किग्रा में हरियाणा की जानवी, 68 किग्रा में दिल्ली की सृष्टि, 72 किग्रा में महाराष्ट्र की अमृता पुजारी और 76 किग्रा में हरियाणा की काजल ने पहला स्थान हासिल कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।





नई दिल्ली पड़ोसी देश संग सकारात्मक, रचनात्मक संबंधों को बनाने के पक्ष में है

भारत-बांग्लादेश की सहमति से तय तारीख पर होगा अगला काउंसलर संवाद: जायसवाल

- एक कानूनी मामला है शेख हसीना का प्रत्यर्पण, जिससे कानूनी रूप से निपटेंगे
- यह जानकारी राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में रणधीर जायसवाल ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय की शुक्रवार को नई दिल्ली में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बांग्लादेश को लेकर पत्रकारों ने कई सवाल पूछे। जिनका संबंध मुख्य रूप से भारत के इस निकट पड़ोसी देश के साथ भविष्य में स्थापित होने वाले संबंधों और पूर्व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी से था। जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत, बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी संबंधों को बनाए रखना चाहता है। जहां तक दोनों देशों के बीच आगामी वक्त में होने वाले काउंसलर संवाद का मुद्दा है, तो उसे लेकर मीडिया में आई खबरों के माध्यम से मंत्रालय को भी जानकारी मिली है। लेकिन यहां मैं ये बताना चाहता हूं कि काउंसलर संवाद का आयोजन भारत और बांग्लादेश द्वारा आम सहमति के साथ तय की गई किसी तारीख पर ही किया जाएगा। इस दौरान यात्रा से जुड़ी व्यवस्था को संशोधित करने पर भी चर्चा की जा सकती है।

संबंधों को लेकर उठाए कई कदम: उन्होंने कहा कि संबंधों को उक्त संदर्भ में आगे बढ़ाने के लिए अब तक कई कदम उठाए गए हैं। व्यापार, रेलवे, जल संसाधन और सीमा प्रबंधन के अलावा अन्य मामलों पर कई बैठकें हुई हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत, बांग्लादेश के साथ सभी मौजूदा तंत्रों के माध्यम से द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए तैयार है। जिसमें वार्ता का तकनीकी स्तर भी शामिल है। इसके अलावा शेख हसीना का प्रत्यर्पण एक कानूनी मामला है। इसलिए नई दिल्ली इससे कानूनी रूप से ही निपटेगी।

ईरान में फंसे केरल के नाविक से साधा संपर्क: ब्रीफिंग में रणधीर ने कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिनमें युद्ध के बीच ईरान में फंसे भारत के केरल राज्य के एक नाविक अक्षय हरीश के मामले पर जायसवाल ने कहा, हमारा देश नाविकों की सुरक्षा तथा कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस विषय पर तेहरान में भारतीय मिशन और बंदर अब्बास में देश का काउंसलेट ने हरीश तक पहुंच बनाई है। नाविक ने करीब तीन-चार दिन पहले काउंसलेट से संपर्क किया था। तब पता चला कि उनका व्यापारिक जहाज प्लांड मरीन 2025 में जापान गया था। इसके बाद जैसे ही वह ईरान के चाबहार बंदरगाह पहुंचा। तब कैप्टन ने बताया कि हरीश का पासपोर्ट और सीडीसी दस्तावेज खो गए हैं। फिर उन्हें जहाज से उतार दिया गया। अभी फिलहाल अक्षय को जहाज की उनकी कंपनी से सहयोग मिल रहा है। ईरान में हमारे कूटनीतिक परिसर भी जहाज मालिक और एजेंट के संपर्क में हैं। हमने उनके लिए जरूरी दस्तावेज मुहैया कराए हैं। जिसके माध्यम से वे आपातकालीन सर्टिफिकेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। अब उन्हें यह सर्टिफिकेट मिल गया है और वे अपनी भारत वापसी के लिए यात्रा करने के लिए तैयार हैं।

एससीओ बैठक के लिए सभी को बुलाया: एससीओ के नई दिल्ली में होने वाले सिविलाइजेशनल डायलॉग में पाकिस्तान को आमंत्रित करने के मामले पर उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर हमने संगठन के सभी सदस्य देशों को आमंत्रित किया है। भारत इसकी मेजबानी करने के लिए तैयार है। एफएटीएफ की पेरिस में हुई बैठक को लेकर रणधीर ने कहा कि भारत की संगठन के पूर्ण सत्र में भागीदारी थी। एफएटीएफ आतंकवाद को खासतौर पर वित्तीय रूप से बढ़ावा देने की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गतिविधियों पर नकेल कसने का काम करता है। नई दिल्ली की इसमें भागीदारी का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ ग्लोबल नेटवर्क को मजबूत बनाना, मनी लॉन्ड्रिंग पर रोक लगाना, आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किए जाने वाले किसी भी प्रकार के वित्तीय प्रवाह पर पाबंदी लगाना है। सभी मुद्दे बैठक में भी शामिल किए गए।

यूक्रेन में भारत का एक युद्धबंदी: उन्होंने एक अन्य सवाल को लेकर बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत का एक युद्धबंदी (पीओडब्ल्यू) है। जो यूक्रेन में फंसा हुआ है। मंत्रालय की उनसे बातचीत हुई है। जिसमें उनकी मौजूदा स्थिति के अलावा ये कोशिश की जा रही है कैसे उन्हें सुरक्षित देश वापस लाया जाए? इस मसले पर भारत यूक्रेन सरकार से भी चर्चा कर रहा है।

पाक से करें काउंसलर सहायता का अनुरोध: उन्होंने कराची में पिछले कई महीनों से व्यापारिक जहाज में फंसे हुए भारतीयों को लेकर बताया कि यह मुद्दा जहाज के मालिक और उस पर काम कर रहे लोगों के बीच का है। जब तक इन लोगों का रिप्लेसमेंट क्रू नहीं आ जाता। तब तक ये अचानक जहाज को छोड़ नहीं सकते हैं। लेकिन विदेश मंत्रालय इन सभी स्वदेशी नागरिकों और उन्हें नौकरी पर रखने वाले नियोक्ता के साथ संपर्क में बना हुआ है। हम भी इस मसले का समाधान चाहते हैं

आईएनएस चिल्का में आयोजित किया गया भव्य पासिंग आउट परेड समारोह, नौसेनाप्रमुख ने की अध्यक्षता

चार साल की नौकरी के बाद बाहर निकला नौसैनिकों के रूप में अग्निवीरों का पहला बैच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लंबे समय से देश के हर खासोआम को जिस पल का बेसब्री से इंतजार थावो घड़ी आ ही गई। भारतीय नौसेना के आईएनएस चिल्का अड्डे पर शुक्रवार को एक भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार की तीनों सशस्त्र सेनाओं में जवानों की भर्ती के लिए बनाई गई बहुचर्चित और संशोधित अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2022 में भर्ती किए गए 2 हजार 756 अग्निवीरों (142 महिलाएं, तटरक्षकबल के 316 नाविक शामिल) के पहले बैच ने अपना चार साल का सेवाकाल पूरा कर बाहर की ओर रुख किया है। आगामी समय में इनमें से चुने जाने वाले 25% अग्निवीरों को सीधे नौसेना में स्थायी नौकरी मिलेगी।

जबकि शेष बचे हुए 75% को दो साल के सेवा विस्तार के साथ एक बार फिर से देश की समुद्री सेना में काम करने का मौका मिलेगा। 24 महीने की इस समय अवधि की समाप्ति के बाद इन सभी को भी बल में स्थायी रूप से नियुक्त कर लिया जाएगा। परेड समारोह की अध्यक्षता करते हुए नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने परेड की समीक्षा की। मालूम हो कि चिल्का अड्डे पर हुआ ये समारोह अग्निवीरों (प्रशिक्षु) के प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रतीक है। जिसमें शामिल हुए कुल प्रशिक्षुओं की संख्या 3 हजार 3 58 थी। इनमें से अग्निवीरों के अलावा 286 मेडिकल सहायक शामिल हैं।



2 हजार 756 अग्निवीरों में से 25% को मिलेगी स्थायी नौकरी, बाकी 75% को दो साल का सेवा विस्तार

100% अग्निवीर पाएंगे स्थायी नौकरी

गौरतलब है कि 2022 में जब सरकार इस योजना को लेकर आई थी। तब उसने ये कहा था कि जवानों की भर्ती सेनाओं में सिर्फ चार साल के लिए की जाएगी। उसे पूरा करने के बाद 25% को ही स्थायी नौकरी मिलेगी और बाकी 75% को बाहर कर दिया जाएगा। इसके बाद देश में काफी विरोध-प्रदर्शन भी हुए थे। लेकिन केंद्र के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। फिर योजना के हिसाब से अग्निवीरों के उक्त पहले बैच का चार वर्षीय सेवाकाल पूरा होने से ठीक पहले बीते 4 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने अग्निपथ योजना में किए गए एक बेहद बड़े सरकारी बदलाव की घोषणा की। जिसमें उन्होंने बताया कि सेनाओं से 48 महीनों की सेवा के बाद बाहर आने वाले 75% अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार दिया जाएगा। अब ये 4 नहीं 6 साल बाद अपनी सेवा पूरी कर बाहर निकलेंगे और फिर इनमें से सभी को सेना, वायुसेना और नौसेना में स्थायी नौकरी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने ये भी कहा कि चार साल बाद अगर कोई अग्निवीर सेनाओं में नौकरी करने का इच्छुक नहीं होगा। यानी वह स्वेच्छा से अपनी नौकरी को छोड़ना चाहेगा तो उसे इसे लेकर कोई बाध्य नहीं करेगा। वहीं, दूसरी ओर शारीरिक विकलांगता की स्थिति में हालात दूसरे होंगे। जनरल सुब्रमणि के मुताबिक, इस बदलाव को अग्निपथ योजना को सरकार द्वारा रद्द किए जाने के तौर पर कतई नहीं देखा जाना चाहिए। योजना पहले जैसी ही रहेगी और पहले स्थायी नौकरी पाने वाले 25% अग्निवीरों के साथ बाद में 6 साल के बाद इस कवायद में शामिल होने वाले 75% अग्निवीरों के बीच वरिष्ठता को लेकर भी कोई समस्या नहीं आएगी।

ट्रॉफी, पदक से किया गया सम्मानित

परेड समारोह के दौरान एडमिरल स्वामीनाथन ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को बधाई दी और उन्हें ट्रॉफी, पदक देकर सम्मानित भी किया। एसएसआर व एमआर श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षुओं के लिए नौसेनाप्रमुख रोलिंग ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक क्रमशः नचिकेता सनासम, एसएसआर (मेडिकल सहायक), अरबाज अमीन एवीआर (एमआर) को प्रदान किया गया। वहीं, दीक्षा एवीआर (एसएसआर) को समग्र योग्यता सूची में सर्वश्रेष्ठ महिला प्रशिक्षु के लिए रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। अमर शक्ति एम एनवीके (जीडी) और अर्पित सांगवान (एनवीके, डीबी) को सर्वश्रेष्ठ नाविक (जीडी और डीबी) घोषित किया गया।

इन बातों पर ध्यान दें अग्निवीर

नौसेनाप्रमुख एडमिरल स्वामीनाथन ने युवा अग्निवीरों से आह्वान किया कि वह अनुशासन, सत्यनिष्ठा और पेशेवर दक्षता के उच्च मानकों को बनाए रखें।–साथ ही नौसेना की बदलती हुई जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालने और गर्व, समर्पण और देश के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

200 प्लस अग्निवीरों ने पहले तय किया भविष्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नौसेना से 4 साल बाद बाहर निकलने वाले करीब 200 से ज्यादा अग्निवीरों में से कितने नौसेना के साथ स्थायी रूप से शामिल होंगे? अभी इसे लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। महाराष्ट्र सरकार ने पूर्व में बाहर निकलने वाले 75% अग्निवीरों के संबंध में राज्य सरकार के कुछ विभागों खासकर कोस्टल पुलिस में स्थायी नौकरी देने का वादा किया था। जिसके तहत कुछ अग्निवीरों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे जा चुके हैं।

नौसेना में अग्निवीरों के कुल 9 बैच हैं

अग्निपथ की घोषणा के बाद नौसेना ने सबसे पहले सितंबर 2022 में अग्निवीरों के अपने पहले बैच का गठन किया था। जिसके हिसाब से यह बाकी दोनों सेनाओं से सबसे पहले अपना सेवाकाल पूरा कर बाहर आ गया है। जबकि वायुसेना और सेना के अग्निवीरों का पहला बैच इसी साल दिसंबर महीने से अगले साल की शुरुआत में जनवरी तक बाहर निकलेगा।

नौसेना के अभी अग्निवीरों के कुल 9 बैच हैं। जिनमें पहले शुरुआत साल का एक बैच और उसके बाद 2026 तक हर साल क्रमशः 2-2 बैच अग्निवीरों के शामिल किए गए हैं। चार साल में अग्निवीरों ने नौसेना में 16 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा किया है। जिसमें जरूरी ड्रिल्स, प्रैक्टिकल-थ्योरी, सीमैनशिप, शारीरिक-मानसिक तंदुरुस्ती, हथियार चलाना, जहाजों की गतिविधियों को समझना शामिल है।

भविष्य में नौसेना की विशेषज्ञ शाखाओं या रणनीतिक समुद्री तैनाती से पहले इन्हें कुछ अन्य जरूरी प्रशिक्षण दिया जाएगा। फिर ये अग्निवीर नौसेना में औपचारिक रूप से देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के अपने दायित्व को निभाते हुए नजर आएंगे।

नौसेना के सह्याद्रि युद्धपोत ने लिया हिस्सा, योकोसुका अड्डे से हुई जहाज की रवानगी

जापान में सफलता के साथ संपन्न हुआ मालाबार युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी युद्धों की वजह से चिंताजनक बने हुए हालातों के बीच भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के मध्य चल रहा मालाबार युद्धाभ्यास-2026 सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस वर्ष इसका आयोजन जापान के योकोसुका नौसैन्य अड्डे पर किया गया था। जिसमें भारत की तरफ से नौसेना का निर्देशित स्टेल्थ मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्रि शामिल हुआ। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि बीते 12 नवंबर को यह युद्धाभ्यास समाप्त हो गया था और उसी के साथ युद्धपोत की रवानगी की यात्रा भी शुरू हो गई है। अभ्यास में दो चरण आयोजित किए गए। जिनमें बंदरगाह और समुद्री चरण मुख्य रूप से शामिल हैं। चारों देशों की नौसेनाओं ने संयुक्त रूप से भागीदारी करते हुए युद्धाभ्यास में विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण रणनीतिक गतिविधियों को पेशेवर अंदाज के साथ बखूबी अंजाम दिया। मालाबार का समापन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को लेकर भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की साझा प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है। साथ ही यह भारत के महासागर दृष्टिकोण के भी अनुरूप है।





पूर्व सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का बड़ा खुलासा

निजी सुरक्षा एजेंसियां और नागरिक सुरक्षा नेटवर्क की भूमिका अहम

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 427 जिलों में सक्रिय था सिविल डिफेंस नेटवर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में मदद के लिए 7 मई को देश भर के करीब 427 जिलों में नागरिक सुरक्षा नेटवर्क (सीडीएन) को सक्रिय किया गया था। उन्होंने कहा कि सक्रियता व्यापक तैयारियों का हिस्सा थी। इससे भारत को रणनीतिक रूप से मदद मिली। उन्होंने कहा कि इस देश की सुरक्षा सिर्फ नियंत्रण रेखा पर ही नहीं, बल्कि सुबह तीन बजे एक बिजली संयंत्र के गेट पर भी तय होती है। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि आप अगले युद्ध में भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


पूर्व सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

कई मोर्चों पर एक साथ किया काम

पूर्व सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की वायु रक्षा प्रतिक्रिया की प्रभावशीलता किसी एक हथियार या प्रणाली का परिणाम नहीं थी, बल्कि कई परतों के एक साथ काम करने का परिणाम थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में ड्रोन को रोकने वाला कोई एक हथियार नहीं था।

निजी सुरक्षा कर्मी संदिग्ध गतिविधियों का पहला सेंसर

सिद्धांत को भारत की आंतरिक सुरक्षा वास्तुकला का मार्गदर्शन करना चाहिए, जिसमें निजी सुरक्षा कर्मी पहचान की पहली परत के रूप में काम करते हैं। निजी सुरक्षा कर्मियों को देश का सबसे बड़ा संभावित मानव सेंसर नेटवर्क बताते हुए उन्होंने उन्हें देश का पहला सेंसर कहा जो संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने और जमीन से महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी प्रदान करने में सक्षम है।

सीडीएस का काम

भारत में नागरिक सुरक्षा नेटवर्क (सिविल डिफेंस नेटवर्क) एक स्वयंसेवी और समुदाय-आधारित व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य युद्ध, बाहरी आक्रमण, प्राकृतिक आपदाओं या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान नागरिकों की रक्षा करना, जान-माल के नुकसान को कम करना और देश की आंतरिक व्यवस्था को बनाए रखना है। इसका गठन युद्ध के समय देश की आंतरिक व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो व नागरिकों का मनोबल बना रहे इस उद्देश्य से किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109